# समवेत शिखर

36 वां स्थापना वर्ष

वर्ष-36 अंक-240 | रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com









## फर्स्ट कालम

### पीएम मोदी के नेतृत्व पर बढ़ते जनविश्वास की पुष्टि है बीएमसी चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और महाराष्ट्र के शहरों के नगर निगम चुनावों में महायुति और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली ऐतिहासिक सफलता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के बढ़ते विश्वास की अभिव्यक्ति बताया है। पार्टी के महासचिव तरुण चुघ और प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी नेयह दावा भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चुनावी नतीजों पर किया।

### इंदौर में राहुल गांधी की मीटिंग को नहीं मिली मंजूरी

**भोपाल।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत के बाद हालात का जायजा लेने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। हालांकि, इस दौरान इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को प्रशासन से अनुमति नहीं मिल पाई है। कांग्रेस ने प्रदेशभर के पार्षदों, महापौरों, नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के साथ राहुल गांधी की बैठक के लिए अभय प्रशाल और आनंद मोहन माथुर सभागार में कार्यक्रम प्रस्तावित किया था।

### अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर ईडी का एक्शन, 140 करोड़ की संपत्ति अटैच की

**फरीदाबाद।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली ब्लास्ट केस से जुड़ी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की करीब 140 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं। साथ ही अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी और उसके ट्रस्ट के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की है। अटैच की गई संपत्तियों में फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में 54 एकड़ जमीन, यूनिवर्सिटी की इमारत, स्कूलों और विभागों की इमारतें और हॉस्टल शामिल हैं। ईडी ने इन्हें अपराध की आय की श्रेणी में रखा है।

### मचाडो ने अपना नोबेल शांति पुरस्कार ट्रंप को भेंट स्वरूप दिया


**वॉशिंगटन।** नोबेल शांति पुरस्कार(2025) से सम्मानित मारिया कोरिना मचाडो ने अपना प्रतिष्ठित पुरस्कार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भेंट किया । राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को सुश्री मचादो से मुलाकात के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, आज वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो से मिलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात थी। वह एक अद्भुत महिला हैं जो बहुत कुछ झेल चुकी हैं।

# महाराष्ट्र निगम चुनाव : 29 में 23 निगमों में भाजपा गठबंधन आगे, मुंबई में 116 पर बढ़त

### मुंबई में भाजपा गठबंधन को बढ़त, राउत का आरोप- 100 वार्डों में गिनती शुरू नहीं हुई

**मुंबई (ए)।** महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन एकतरफा जीत की ओर है। रुझानों में 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को बढ़त है। एशिया के सबसे बड़े मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 116 सीटों पर आगे चल रहा है। वहीं इस चुनाव में ठाकरे बंधुओं को जबरदस्त झटका लगा है। ठाकरे परिवार 30 बाद मुंबई में सत्ता से बाहर हो गया है।

इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को बढ़त है। लातूर में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। 70 में से 43 सीटें जीतीं। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा- मुंबई में जिस तरह गिनती जारी है, उसे देखते हुए फाइनल नतीजे आधी रात तक नहीं आएंगे। जारी आंकड़े गलत हैं। करीब 100 वार्डों में अभी तक गिनती शुरू भी नहीं हुई। शुक्रवार को नगर निगम चुनाव की सुबह 10 से काउंटिंग जारी है। राज्य में निगम चुनाव के लिए 15 जनवरी को वोटिंग हुई थी। 893 वार्डों में कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं।



### हम 25 मेयर बनाने जा रहे हैं : सीएम फड़णवीस

महाराष्ट्र निकाय चुनावों पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के विजन के साथ ये चुनाव लड़ा। इसीलिए हमें इन चुनावों में रिकॉर्ड तोड़ जनादेश मिला है। इन नतीजों से साफ हो गया है कि महाराष्ट्र पीएम मोदी पर बहुत भरोसा करता है। भाजपा और महायुति 25 मेयर बनाने जा रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुंबई स्थित बीजेपी ऑफिस पहुंचे। यहां उनका पार्टी नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। फडणवीस ने कहा कि इस जीत के लिए महाराष्ट्र की जनता का आभार है।

### 30 साल बाद मुंबई में ठाकरे परिवार सत्ता से बाहर , पहली बार भाजपा का मेयर बन सकता है

**मुंबई।** मुंबई के इतिहास में पहली बार भाजपा का मेयर हो सकता है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव रिजल्ट में भाजपा गठबंधन को कुल 227 सीटों में से 118 सीटों पर बढ़त हासिल है। जिसमें से भाजपा 90, शिवसेना शिंदे 28 सीटों पर आगे चल रही है। आजादी के बाद 77 सालों से मुंबई नगर निगम पर कांग्रेस और शिवसेना का ही कब्जा रहा है। 1947 से 1967 तक यानी 20 साल तक कांग्रेस का मेयर रहा। वहीं 1992 से लेकर 2022 यानी 30 सालों तक मेयर की कुर्सी पर शिवसेना काबिज रही। भाजपा 45 साल के इतिहास में पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने की स्थिति में पहुंची है। दरअसल 1980 में पार्टी के गठन के बाद भाजपा ने 1992 से 2017 तक मुंबई में शिवसेना को सपोर्ट दिया था। मुंबई के मेयर का पद संभालने वाली आखिरी शख्स शिवसेना की किशोरी पेडनेकर थीं, जिन्होंने 22 नवंबर 2019 से 8 मार्च 2022 तक यह पद संभाला था। हालांकि तब शिवसेना में बंटवारा नहीं हुआ था। उसके बाद से यह पद खाली था। तब से, बीएमसी के प्रशासन की जिम्मेदारी नगर आयुक्त संभाल रहे हैं।

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम : मोदी

### कहा-10 साल पहले 500 स्टार्टअप थे, आज 2 लाख, 21 लाख लोगों को रोजगार मिला

**नई दिल्ली (ए)।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। 10 साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, जिसकी संख्या आज 2 लाख से ज्यादा है। नेशनल स्टार्टअप डे के मौके पर पीएम ने कहा कि भारत के युवाओं का फोकस रियल प्रॉब्लम सॉल्व करने पर है। हमारे यंग इनोवेटर्स, जिन्होंने नए सपने देखने का साहस दिखाया। मैं उन सभी की बहुत-बहुत सराहना करता हूं।

पीएम मोदी ने ये बातें शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया कैंपेन के 10 साल पूरे होने पर कही। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि आने वाले 10 सालों में भारत नए स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी में दुनिया का नेतृत्व करे। पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया की 10 साल की जर्नी आपके सपने साकार होने की यात्रा है। 10 साल पहले स्टार्टअप की गुंजाइश ही नहीं थी। हमने नौजवानों को खुला आसमान दिया और आज स्थिति हमारे सामने है। आज भारत दुनिया का थर्ड लार्जेस्ट इको सिस्टम है। 10 साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे। आज यह संख्या 2 लाख से ज्यादा है।



### कुर्सी जाने के डर से पहले की सरकारों ने रिस्क नहीं लिया : मोदी

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में रिस्क-टेकिंग एबिलिटी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रिस्क लेना मेरी पुरानी आदत है। जिन कामों को दशकों से पुरानी सरकारों ने चुनाव हारने या कुर्सी जाने के डर से नहीं छुआ, मैं उन्हें अपना दायित्व समझकर जरूर करता हूं। मेरा मानना है कि जो काम देश के लिए जरूरी है, वो किसी न किसी को तो करना ही होगा। नुकसान होगा तो मेरा होगा, लेकिन फायदा हुआ तो मेरे देशवासियों को मिलेगा।

## भाजपा को 20 जनवरी को नया अध्यक्ष मिलेगा, चुनाव नोटिफिकेशन जारी

### कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का चुना जाना लगभग तय

**नई दिल्ली (ए)।** भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा।

अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन भरेंगे। नितिन नबीन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया था। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय रिटर्निंग ऑफिसर के लक्ष्मण ने चुनाव का शेड्यूल जारी किया। इसके मुताबिक, पार्टी प्रमुख के चुनाव के लिए नॉमिनेशन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच भरे जाएंगे।

### यूपीए सरकार के 2 और कानून में बदलाव होगा सुधार की तैयारी शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार मनरेगा के बाद यूपीए सरकार के समय बने दो बड़े कानूनों- शिक्षा का अधिकार और खाद्य सुरक्षा कानून में सुधार करने की तैयारी कर रही है। सरकार चाहती है कि इन योजनाओं का लाभ हर सही व्यक्ति तक पहुंचे और सभी लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन हो। सरकार पहले नियमों और आदेशों से सुधार करने की कोशिश करेगी। अगर इससे बात नहीं बनी, तो संसद में नए कानून (बिल) भी लाए जा सकते हैं। इसके अलावा सरकार यह भी सोच रही है कि लोगों को घर पाने के अधिकार को कानूनी अधिकार बनाया जाए।

### गणतंत्र दिवस समारोह- बैठने वाली सीट के नाम नदियों पर

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्र सरकार सालों से चले आ रहे वीआईपी कल्चर को खत्म करने जा रही है। परेड देखने के लिए आए मेहमानों की कुर्सियों पर अब वीवीआईपी, वीआईपी और डिग्निटी नहीं लिखा होगा। इसकी जगह नदियों के नामों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए गैलरी का नाम संगीत वाद्ययंत्रों के नाम पर रखा है।

## 2026 का बजट : 1 फरवरी को रविवार फिर भी शेयर बाजार खुलेगा

**मुंबई (ए)।** हर साल की तरह इस बार भी 1 फरवरी को देश का आम बजट पेश किया जाएगा। हालांकि, इस साल 1 फरवरी को रविवार है, लेकिन इसके बावजूद शेयर बाजार में सामान्य दिनों की तरह कामकाज होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने शुक्रवार को सर्कुलर जारी कर इसकी जानकारी दी है।

एक्सचेंज के मुताबिक, बजट के दिन निवेशक और ट्रेडर्स बाजार की प्रतिक्रिया देख सकें, इसलिए रविवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन रखने का फैसला किया गया है। सुबह 9.15 बजे से ट्रेडिंग शुरू होगी, दोपहर 3.30 बजे तक चलेगी बीएसई और एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक, रविवार 1 फरवरी को बाजार की टाइमिंग वैसी ही रहेगी, जैसी वर्किंग डेज (सोमवार से शुक्रवार) में होती है।

**बदलाव** — सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से टैक्स लिया जाएगा

# टोल प्लाजा 1 अप्रैल से कैशलेस, नकद भुगतान बंद होगा

**नई दिल्ली (ए)।** 1 अप्रैल से देश के सभी टोल प्लाजा कैशलेस हो जाएंगे। नए नियमों के लागू होने के बाद वाहन चालकों को टोल टैक्स चुकाने के लिए सिर्फ फास्टैग या यूपीआई पेमेंट का ही इस्तेमाल करना होगा।

यह जानकारी टीवी न्यूज चैनल आज तक को इंटरव्यू में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने दी। उन्होंने कहा कि टोल पर नकद (कैश) लेनदेन को पूरी तरह से बंद करने का फैसला लिया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य टोल नाकों पर लगने वाली लंबी लाइनों को खत्म करना और सफर को बाधा रहित बनाना है। इस 'नो-स्टॉप' सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट फिलहाल देश के 25 टोल प्लाजा पर टेस्ट किया जा रहा है। हालांकि अभी आधिकारिक




नोटिफिकेशन आना बाकी है।

**ट्रैफिक जाम और समय की बर्बादी खत्म करने की कोशिश :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय इस डिजिटल बदलाव को लागू करने के लिए अंतिम रूप दे रहा है। वर्तमान में फास्टैग अनिवार्य होने के बावजूद कई जगहों पर कैश लेनदेन होते हैं।

### सरकार के इस फैसले के 3 बड़े कारण

डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के अलावा सरकार इसके जरिए तीन प्रमुख टारगेट पूरे करना चाहती है

- **फ्यूल की बचत :** टोल प्लाजा पर गाड़ियों के बार-बार रुकने और चलने के कारण भारी मात्रा में डीजल और पेट्रोल की बर्बादी होती है। कैश खत्म होने से यह बचत होगी।
- **पारदर्शिता :** हर लेनदेन का डिजिटल रिकॉर्ड रहेगा, जिससे टोल कलेक्शन में होने वाली हेराफेरी या गड़बड़ी की गुंजाइश खत्म हो जाएगी।
- **तेज सफर :** खुल्ले पैसों (चेंज) के चक्कर में होने वाली बहस और मैनुअल रसीद कटने में लगने वाला समय बचेगा।




## न्यूज ब्रीफ

### जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों में चल रही 10वीं एवं 12वीं प्री बोर्ड परीक्षा का किया औचक निरीक्षण



**दुर्ग।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने विद्यालयों में चल रही 10वीं व 12वीं प्री बोर्ड की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जांची गई उत्तर पुस्किाओं के मूल्यांकन का अवलोकन किया गया एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाए जाने की रणनीति बनाने हेतु निर्देशित किया गया। चिन्हाकित कमजोर बच्चों को सीमित पाठ्यक्रम की लगातार तैयारी कराने, कमजोर बच्चों को रोजाना 5 प्रश्न गृहकार्य में दिये जाने एवं शिक्षकों द्वारा इसे हर-रोज मूल्यांकन कर बच्चों की कमियां एवं इन कमियों को सुधारने के टिप्स दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई के कक्षा 12वीं के कला संकाय के 50 प्रतिशत से कम रिजल्ट को लेकर चिंता जताई एवं शिक्षकों को कला के विषयों में उत्तर लिखने के पैटर्न का निरंतर अभ्यास कराए जाने एवं पिछले 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करवाने के निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के 10वीं कक्षाओं के छात्रों को परीक्षाओं के चलते समय से पूर्व घर भेज दिया गया जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य व शिक्षकों को फटकार लगाई एवं दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी में शिक्षक स्टॉफ रूम में पाये गये जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनावश्यक स्टॉफ रूम में न बैठने एवं समय पर कक्षा में उपस्थित रहने को निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने, बारहखड़ी, पहाड़ा, पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने तथा नियत समय पर शिक्षकों को वीएसके के माध्यम से ही उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए।

### एसएससीआई के तहत सुरक्षा गार्ड पंजीयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन

**बालोद।** पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र आर्य नगर कोहका भिलाई के द्वारा एसआईएसएस लिमिटेड की ओर से जिले के 5वीं, 8वीं, 10वीं पास अथवा फेल युवकों को रोजगार प्रदान करने हेतु एसआईएसएस ग्रुप द्वारा रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा गार्ड में स्थाई रोजगार दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन थाना डौण्डी में 28 जनवरी, थाना दल्लीराजहरा में 29 जनवरी, थाना मंगचुवा में 30 जनवरी, थाना डौण्डीलोहारा में 31 जनवरी, थाना गुण्डरदेही में 02 फरवरी, थाना अर्जुंदा में 03 फरवरी, थाना देवरी में 04 फरवरी तथा थाना गुरूर में 05 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोहपर 03 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को भर्ती से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

### 1 हजार से 10 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता 2,856 बच्चों को मिली योजना के तहत स्वीकृति

**मोहला।** जिले के छोटे से गांव सिंगरायटोला में एक साधारण सी झोपड़ी में पल रहे सपनों को आज नई उड़ान मिली है। यहां रहने वाले निर्माण श्रमिक श्री जयगोपाल मेश्राम रोजाना कड़ी मेहनत कर ईट-पत्थरों से इमारतें खड़ी करते हैं, लेकिन उनके दिल में हमेशा एक ही सपना रहा उनकी बेटी पढ़-लिखकर एक बेहतर और सम्मानजनक जीवन जिए। आर्थिक समस्याओं के बीच भी उन्होंने कभी अपनी बेटी खुशबू मेश्राम की पढ़ाई को बोझ नहीं बनने दिया। मेहनत, लगन और पिता के सपनों के साथ खुशबू आगे बढ़ती रही। ऐसे समय में श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना उनके परिवार के लिए आशा की किरण बनकर आई। इस योजना के अंतर्गत खुशबू को छात्रवृत्ति का लाभ मिला, जिसने उसकी पढ़ाई की राह को मजबूत और आसान बना दिया। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं थी, बल्कि एक संदेश है कि मेहनतकश श्रमिक के बच्चे भी बड़े सपने देखे और उन्हें पूरा करने का हक रखते है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने ली शिकायत एवं अपराधों के संबंध में समीक्षा बैठक

### महिला कमांडो गठन, लंबित प्रकरणों के निराकरण और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता





**भिलाई।** जिला दुर्ग के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर-6 भिलाई में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में महिला कमांडो के गठन सहित कुल 10 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पूर्व वर्षों से लंबित मर्ग, शिकायतों एवं साइबर फ्रॉड से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों एवं अन्य प्रकरणों में ठोस साक्ष्य संकलन कर मामलों को मजबूत करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही जनता एवं पुलिस के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करने, अवैध शराब के विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई बढ़ाने तथा निगरानी बदमाशों, गुंडा तत्वों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए। सक्रिय चाकूबाजों एवं नशेड़ियों को सूचीबद्ध कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने पर भी विशेष जोर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

समीक्षा बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग हर्षित मेहर, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी प्रशांत पैकरा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन अनूप लकड़ा, उप पुलिस अधीक्षक रक्षित केंद्र चंद्र प्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक नेवई श्रीमती भारती मरकाम, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री आकर्षि कश्यप सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के सचिव ने ली बैठक, गोदग्राम-सोनपुरी में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना ने गोदग्राम-सोनपुरी में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की राज्य सलाहकार श्रीमती अभिलाषा आनंद तथा अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी, सरपंच, पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान डॉ. प्रसन्ना ने गोदग्राम में किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग द्वारा किए गए वृक्षारोपण की प्रगति से अवगत हुए तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।

इस अवसर पर गोदग्राम में महिला स्व-सहायता समूहों, बिहान योजना अंतर्गत लखपति दीदी एवं स्वच्छता समूहों के गठन एवं उनकी भूमिका की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम में कचरा संग्रहण व्यवस्था एवं स्वच्छता को प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**पुस्तकालय एवं ओपन जिम का किया निरीक्षण**–माननीय राज्यपाल महोदय के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना ने गांव में जनसहयोग से स्थापित किये गए पुस्तकालय और ओपन जिम का निरीक्षण किया। इस दौरान पुस्तकालय और ओपन जिम को और उपयोगी बनाने के लिए विशेष जोर दिया।सचिव के द्वारा ग्राम विकास में लोगों की सहभागिता बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

# धान खरीदी केंद्रों से परिवहन नहीं, किसान परेशान

### समितियों में क्षमता से अधिक धान डम्प

समवेत शिखर संवाददाता



**पाटन।** धान खरीदी के अंतिम चरण में समितियों के हालात बेकाबू होते जा रहे है शासन द्वारा किसानों के प्रतिनिधि बनाकर नियुक्त किए गए प्राधिकृत अध्यक्ष भी अब किसानों के सवालों का जवाब नहीं दें सकने के कारण वे धान खरीदी केंद्रों में नहीं आ रहे है समिति के कर्मचारी ही किसानों के सवालों एवं निदान में लगे हुए है।

परिवहन में देरी के कारण समितियों में क्षमता से अधिक धान केंद्र में है अब तो रखने की जगह भी नहीं हो पा रही है। पाटन सेवा सहकारी समिति में पांच गांव पाटन, खोरपा, अटारी, मटिया के 1144.97 हेक्टेयर में 1088 किसान पंजीकृत है 15 नवंबर से अब तक 37521 क्विंटल धान 695 किसानों से खरीदी जा चुकी है 14400 क्विंटल क्षमता वाले समिति में परिवहन का कार्य धीमी होने के कारण समिति प्रांगण में अभी भी 28971 क्विंटल धान रखा है जो समिति के क्षमता से अधिक है 4700 क्विंटल का डी ओ कट गया है पर कब उठेगा इसकी समय सीमा नहीं है।

**किसान हो रहे परेशानः** पाटन समिति में अभी भी 393 किसानों के धान खरीदना बाकी है कुछ बड़े रकबा वाले किसानों का अभी टोकन ही नहीं कटा है जानकारी में पता चला है कि माह के अंतिम दिवस 31 जनवरी को धान खरीदी नहीं होगी तो जिसका टोकन 31 दिसंबर को है उन्हें 29 दिसंबर को समय दिया गया है जो बहुत ही अव्यवहारिक एवं मुश्किल वाला काम दिख रहा है 29 दिसंबर को 69 किसानों के 2119.20 क्विंटल धान खरीदने की चुनौती है जबकि प्रतिदिन 1080 क्विंटल ही धान खरीदी जाती है एक ही दिन में प्रवेश द्वार में किसान का धान सहित फोटो खींचना उसके बाद किसानों के अंगूठा लगाने जैसे प्रक्रिया में बहुत समय लग जाता है क्योंकि जरूरी नहीं कि सर्वर ठीक से चल सके

सेवा सहकारी समिति सोनपुर में सोनपुर,तरीघाट, सिपकोना के 1218.11 रकबा के 1211 किसान पंजीकृत है जिसमें से 43 हजार क्विंटल की खरीदी हो गई है सोनपुर समिति में भी परिवहन नहीं होने के कारण लगभग 36 हजार क्विंटल धान समिति में रखा है जल्दी ही परिवहन नहीं हुआ तो धान रखने की जगह नहीं रहेगी

बहुत कम समय बचने के कारण खासकर बड़े किसानों के माथे में चिंता की लकीर दिख रही है तो राज्य सरकार के धान खरीदी के लिए रोज नए आदेश को लेकर किसानों में बड़ी नाराजगी देखी जा रही है

# नल कनेक्शन काटने पहुंचे कर्मियों को देख 6 लोगों ने 42 हजार जमा किया

### रिसाली निगम ने 17 लोगों को जारी किया था नोटिस

समवेत शिखर संवाददाता



**रिसाली।** नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही को देख 6 लोगों ने आनन फानन 42 हजार रुपए जमा कराया। रिसाली निगम ने लंबे समय से जल कर जमा नहीं करने पर वार्ड 31 के 17 लोगों को नोटिस जारी किया है। कार्यवाही करते कर्मचारियों ने ताम्रध्वज मार्कण्डेय के निवास में लगे नल कनेक्शन को काटने की कार्यवाही की गई।

राजस्व वसूली के लिए आयुक्त मोनिका वर्मा सख्ती बरत रही है। जलकर को लंबे समय से जमा नहीं करने पर नल विच्छेदन की कार्यवाही करने निर्देश दी है। टैक्स कलेक्शन के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि शहीद किरण देशमुख वार्ड रिसाली में ताम्रध्वज मार्कण्डेय के घर नल विच्छेदन की कार्यवाही को देख पड़ोस में रहने वाले नरोत्तम साहू ने 11960, जी सी शर्मा ने 6920, मीना देवांगन ने 6920, राजकुमार वर्मा ने 4400, शिवमंगल साहू ने 9440 रुपए जमा कराया।

**मांगी मोहलत**

वार्ड 31 के राम नारायण ने पिछले 4 वर्ष से जलकर जमा नहीं किया है। 17630 रुपए बकाया है। कार्यवाही को देख राम नारायण ने 2520 रुपए जमा कर शेष राशि जमा करने मोहलत मांगी।

**इन्हें 3 दिन की मोहलत**

जल कर बकाया होने पर बिरजू राम ठाकुर को 6880 रुपए जमा करने नोटिस जारी किया है। 3 दिन में राशि जमा नहीं करने पर नल विच्छेदन की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह बल्लू राम साहू 4400, बल्लू राम साहू 3077, महेश सोनवानी 4400, देवकी बाई 6920, बम्लेश्वरी सिंह 5870, त्रिवेणी देवांगन 5100, जानकी यादव 4400, यादेश साहू 4400, जमवंतीन बाई को भी 3980 रुपए जमा करने नोटिस जारी किया गया है।

# जिले में धान की खरीदी अभियान से किसानों में खुशी एवं उल्लास का माहौल

### धान उपार्जन केन्द्रों से 1665642.30 क्विंटल धान का उठाव

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी की लहर है। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है।

धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 100032 पंजीकृत किसानों से 1205 करोड़ 41 लाख 87 हजार रूपए मूल्य का 5077504.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1665642.30 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

# करोड़ों के धान घोटाले के खिलाफ 20 को प्रदर्शन

- » दुर्ग कलेक्टर कार्यालय के समक्ष कांग्रेस का प्रतीकात्मक प्रदर्शन
- » मंत्रियों के बारात निकाल कलेक्टर दुर्ग को मुख्यमंत्री के नाम सौपेंगे मुसवा (चूहा)
- » धान मुसवा ने नहीं, बल्कि भाजपा सरकार और उसके मंत्रीगणों ने खा लिया है : राकेश ठाकुर

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य में सरकारी गोदामों में रखे करोड़ों रुपये मूल्य के धान के कथित रूप से च्च्मुसवा (चूहा)ज्ज द्वारा नष्ट किए जाने की घटनाओं ने पूरे प्रदेश को आक्रोशित और स्तब्ध कर दिया है। इस गंभीर मामले में भाजपा सरकार जवाबदेही तय करने के बजाय इसे चूहों के सिर मढ़कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है, जो प्रदेश की जनता और अन्नदाता किसानों के साथ सरासर अन्याय और मज़ाक है।

उक्त विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि धान किसानों की मेहनत, पसीने और खून की कमाई है। उसे च्च्चूहा खा गयाज्ज जैसी दलीलें न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि यह भाजपा सरकार, उसके मंत्रियों और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही, भ्रष्टाचार और संरक्षण को उजागर करती हैं। प्रदेश की जनता का साफमानना है कि धान मुसवा ने नहीं, बल्कि भाजपा सरकार और उसके मंत्रीगणों ने खा लिया है।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2026, मंगलवार को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय के समक्ष भाजपा सरकार के खिलाफ एक लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण एवं प्रतीकात्मक प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छत्तीसगढ़ के सभी मंत्रियों की प्रतीकात्मक च्च्बारातज्ज ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी। कार्यकर्ता मुसवा (चूहों) के मुखौटे पहनकर धान खिलाते हुए प्रतीकात्मक दृश्य प्रस्तुत करेंगे। इसके माध्यम से जनता को यह स्पष्ट संदेश दिया जाएगा कि धान चूहों ने नहीं, बल्कि भाजपा सरकार के मंत्रीगणों ने हजम किया है। प्रदर्शन के माध्यम से धान घोटाले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों एवं मंत्रियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर भाजपा सरकार की विफलता और किसान विरोधी रवैये को जनता के समक्ष उजागर करना है।

प्रदर्शन के उपरांत दुर्ग कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम प्रतीकात्मक रूप से च्च्चूहाज्ज सौंपकर ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंप अवगत कराया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान धीरज बाकलीवाल, नीता लोधी, देवेंद्र देशमुख, रिवेंद्र यादव, नंद कुमार सेन, आनंद ताम्रकार, गुरदीप भाटिया, मनीष बघेल, देवश्री साहू, धर्मेंद्र साहू, जीतू पटेल, हीरेन्द्र साहू, मोहित वालदे, सुनीत घोष, सौरभ ताम्रकार, भीमसेन, प्रीतम देशमुख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मेरी जैसी दुर्दशा किसी की न हों, कांकेर के जैनूलाल राना ने पत्र लिखकर जाहिर किया अपना दर्द

- » 92 हजार अंतिम वेतन से रिटायर होते ही जीरो पेंशन
- » पूर्व सेवा अवधि की गणना करें शासन
- » 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण करने की मांग



**दुर्ग।** एल.बी. संवर्ग के शिक्षक सेवानिवृत्ति के पश्चात सम्मानजनक जीवन के बजाय आर्थिक तंगी से जुझने को मजबूर हैं, शासन प्रशासन की जटिल प्रक्रियाओं एवं विसंगतिपूर्ण नीतियों ने उनकी वर्षों की सेवा को व्यर्थ बना दिया है। संविलियन के दौरान पूर्व की 20 वर्षों की सेवा अवधि को शून्य मान लिए जाने से बड़ी संख्या में शिक्षक पेंशन के अधिकार से बाहर हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रांतीय पदाधिकारी जयंत यादव, सरस्वती गिरिया,कमल वैष्णव,संजय चंद्राकर, धनराज डहरे, घनश्याम देवांगन, वीरेन्द्र वर्मा,महेश चन्द्राकर, घनश्याम मंडावी, ने कहा कि संविलियन पूर्व की 20 वर्षों की सेवा शून्य किए जाने एवं संविलियन तिथि 1 जुलाई 2018 से सेवा अवधि की गणना किए जाने से न्यूनतम पेंशन हेतु 10 वर्ष की पात्रता पूरी नहीं करने के कारण कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के श्री जैनुलाल राना व्याख्याता, श्रीमती पारुल दोहरे प्रधान अध्यापक प्रा.शा, मलिना दास प्रधान अध्यापक प्रा.शा., महादेव नरेटी प्रधान अध्यापक प्रा.शा.पाड़ेंगा को 27 वर्षों की सेवा देने के बाद बगैर पेंशन रिटायरमेंट को मजबूर होना पड़ा है,,यही स्थिति कमोबेश सेवानिवृत हो रहे एल.बी. संवर्ग के प्रत्येक शिक्षक की है। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार पूर्ण पेंशन के लिए 33 वर्ष की सेवा तथा न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पर अनुपातिक पेंशन का प्रावधान है। लेकिन संविलियन तिथि 1 जुलाई 2018 से सेवा की गणना किए जाने के कारण 2018 से पहले नियुक्त शिक्षक न्यूनतम पात्रता को भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं, परिणामस्वरुप सेवानिवृत्ति के पश्चात शिक्षकों और उनके परिजनों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से 1998 से नियुक्त शिक्षकों के लिए पेंशन अब केवल एक सपना बनकर रह गई है।

**92 हजार वेतन से जीरो पेंशन–** जैनुलाल राना जी ने एक पत्र लिखकर अपना दर्द बयां किया है, जिससे सरकार को शिक्षकों के सम्मान को बचाये रखने की जिम्मेदारी बनती है, जैनुलाल राना जी के अंतिम महीने का वेतन 92 हजार था, रिटायर होते ही वे जीरो पेंशन स्कीम में फंस गए, यही हाल अधिकांश संविलियन होने वाले शिक्षकों का हो रहा है व आगे भी होगा, सरकार व समाज के बीच सम्मान से गुजर कैसे हो इससे शिक्षक वर्ग चिंतित है।

**5 वर्ष की सेवा में न्यूनतम पेंशन का प्रावधान करें - एसोसिएशन :** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शासन से मांग की है कि सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से की जाए, शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए, सेवानिवृति के पश्चात मूल वेतन का 50त्न आजीवन पेंशन सुनिश्चित की जाए।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव, सचिव वित्त विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा में पेंशन के प्रावधान नियम में रिलेक्सेशन देते हुए 5 वर्ष की न्यूनतम सेवा में पेंशन का प्रावधान करने मांग की है तथा भारत सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार के पत्र का हवाला देते हुए 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा होने पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि दिनांक 1/1/1996 से प्रभावशील पुनरीक्षित वेतनमानों में प्राप्त वेतन के आधार पर पेंशन, पेंशन नियम 1976 में परिभाषित अनुसार 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा होने पर 50 त्न पेंशन निर्धारण का प्रावधान छत्तीसगढ़ राज्य में प्रचलित है, कम सेवा होने पर अनुपातिक पेंशन निर्धारण का नियम है।

# कार्रवाई के दौरान 1 करोड़ 46 लाख 90 हजार 800 के लगभग 845 क्विंटल धान एवं वाहन किया गया जब्त

### 10 आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत मामला किया गया दर्ज

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** शासन द्वारा राज्य में धान खरीदी का कार्य अंतिम दौर में है। धान खरीदी के अंतिम दिनों में अन्य राज्यों से धान लाकर खपाने की संभावना बढ़ जाती है। जिला प्रशाासन कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने के प्रयास को रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं सजग है। जिला प्रशासन द्वारा कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान बिक्री के प्रयास करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए अंतर्राज्यीय सीमावर्ती चेकपोस्ट और नाकों पर 24 घंटे कड़ी निगरानी की जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप पिछले कुछ दिनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में वाहन और भारी मात्रा में अवैध धान जप्त किया गया है। प्रशासनिक टीम द्वारा पाटेकोहरा बैरियर एवं विभिन्न चेकपोस्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 10 वाहनों को जप्त किया गया है। इसमें 6 बड़े ट्रक पाटेकोहरा बॉर्डर पर और 4 छोटे पिकअप वाहन, अन्य चेकपोस्टों पर अवैध धान परिवहन करते हुए पाए गए। ग्राम रानीतालाव और पाटेकोहरा के मध्य एनएच 53 पर चेकिंग के दौरान महाराष्ट्र की ओर से आ रहे 6 ट्रकों को पकड़ा गया। जिनमें एमएच 14 एचयू 4811, एमएच 15 जीव्ही 4376, एमएच 35 एजे 3499, एमएच 35 एजे 4828, एमएच 40 सीडी 7246, एमएच 40 सीडी 9204 शामिल है। कार्रवाई के दौरान कुल 2170 कट्टा धान (लगभग 845 क्विंटल) जप्त किया गया। जप्त धान और 6 ट्रकों की कुल कीमत लगभग 1 करोड़ 46 लाख 90 हजार 800 रूपए है। इस मामले में संगठित रूप से बार-बार धान खपाने वाले 10 आरोपियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें मुख्य रूप से आमगांव महाराष्ट्र के ओम गुप्ता, नितिन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल तथा डोंगरगढ़ के विष्णु अग्रवाल शामिल हैं। इनमें से एक बिचौलियों की गिरफ्तारी की गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### छग विश्वकर्मा झेरिया लोहार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा झेरिया लोहार समाज छ.ग. पंजीयन क्रमांक 5108 के द्वारा पारिवारिक मिलन एवं प्रदेश स्तरीय सामाजिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 18.01.2026 को स्थान अंतर्राष्ट्रीय बस स्टैण्ड के सामने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण भाठागांव रायपुर छ.ग. में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा झेरिया लोहार समाज छ.ग. समस्त पदाधिकारी एवं युवक/युवती से अनुरोध है कि उक्त पारिवारिक परिचय सम्मेलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करेंगे। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष जेके विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा एवं शहर अध्यक्ष-मोतीलाल विश्वकर्मा के द्वारा प्रदान की गई है।

### रायपुर में बार से निकले युवक से लूट स्कूटी सवार तीन आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम

**रायपुर।** रायपुर में बार से निकले युवक से स्कूटी सवार तीन आरोपियों ने मारपीट करके 7300 रुपए नकद और मोबाइल लूट लिया। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस में की तो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का नाम पुलिस द्वारा अभिषेक कुमार पाड़े बताया जा रहा है। शिकायतकर्ता अभिषेक कुमार ने पुलिस को बताया, कि वो चंगोरा भाठा डीडी नगर में रहता है। 14 जनवरी की रात को डीडी नगर इलाके में स्थित कोराके बार शराब पीने के लिए गया हुआ था। रात 12.10 बजे बार से निकला तो बार के सामने दो युवकों ने उसे रोका और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों जेब में रखा पैसा और मोबाइल लूट लिया, और फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की शिनाख्त करके उनकी तलाश में जुटी है।

### कारोबारी से 11 करोड़ की ठगी 3 आरोपी गिरफ्तार, 9 फरार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कारोबारी से जमीन के नाम पर 11 करोड़ 51 लाख की ठगी हुई है। पीड़ित ने हाई-टेक एब्रेसिव्स प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़े डायरेक्टर, प्रमोटर शेयर होल्डरों और प्रॉपर्टी ब्रोकर पर आरोप लगाया है। मामला सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित कारोबारी का नाम विकास कुमार गोयल है। संभव ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर हैं। सरस्वती नगर में रहते हैं। उन्होंने बलौदाबाजार में जमीन खरीदी और एग्रीमेंट कर 11 करोड़ 51 लाख रुपए एडवांस में दे दिए थे। बाद में पता चला कि जमीन पहले से बैंक में गिरवी है। इसके बाद कारोबारी विकास ने हाई-टेक एब्रेसिव्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, प्रमोटर शेयरहोल्डर और प्रॉपर्टी ब्रोकर से पैसे मांगे तो उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने हाई-टेक एब्रेसिव्स कंपनी के डॉयरेक्टर, प्रमोटर और शेयरहोल्डर को गिरफ्तार किया है। अन्य 9 की तलाश जारी है।

### हाइवा ने पिता-पुत्र समेत 3 को कुचला, मौत

**रायपुर।** रायपुर-आरंग नेशनल हाईवे 53 पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की सड़क पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। इनमें 6 साल का मासूम भी शामिल है। लाशें टुकड़ों में बंट गई थी। मामला आरंग थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान श्रवण जलक्षत्री (40), मंगलू जलक्षत्री (28) और तिलक जलक्षत्री (6) के रूप में हुई है। सभी आरंग के रहने वाले थे। श्रवण जलक्षत्री और मंगलू जलक्षत्री पिता-पुत्र थे। मछली पकड़ने गए थे, तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। दरअसल, आरंग के बागेश्वर पारा निवासी श्रवण जलक्षत्री और मंगलू जलक्षत्री शुक्रवार सुबह मछली पकड़ने के लिए गए थे। उनके साथ 6 साल का तिलक भी था। निसदा मोड़ के पास बाइक रांग साइड से पुल की ओर जा रही थी।

### 'रायपुर साहित्य उत्सव-2026' की तैयारियों का कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से 23 से 25 जनवरी 2026 तक नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित होने वाले 'रायपुर साहित्य उत्सव-2026' की तैयारियों का जायज़ा लेने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं आयुक्त जनसंपर्क डॉ. रवि मित्तल ने आज आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉल, मुख्य मंच, साहित्यिक सत्रों के स्थल, फूड ज़ोन, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा एवं दर्शक सुविधाओं सहित समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित, शुद्ध एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य : उपमुख्यमंत्री साव

### डिप्टी सीएम व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने विभाग के पिछले दो सालों की उपलब्धियों की दी जानकारी

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित संवाद ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में विभाग के पिछले दो सालों की उपलब्धियों की जानकारी दी। श्री साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था में व्यापक और ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित, शुद्ध एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में अब तक 40 लाख 87 हजार 27 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, जिससे 32 लाख से अधिक घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। उन्होंने बताया कि मिशन लागू होने से पूर्व प्रदेश में केवल 3 लाख 19 हजार 741 घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध थे, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के बीते दो वर्षों में इस संख्या में तेज़ी से वृद्धि हुई है।



प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित, शुद्ध एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराया जाए और छत्तीसगढ़ को शीघ्र ही 'हर घर जल' राज्य के रूप में स्थापित किया जाए। श्री साव ने कहा कि वर्तमान में 6,572 ग्रामों में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 5,564 ग्रामों को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है, जिनमें से 4,544 ग्रामों को विधिवत प्रमाणित किया जा चुका है, विगत दो वर्षों में हर घर सर्टिफाइड ग्रामों की संख्या में पूर्व की तुलना में 750 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही 5,088 ग्राम पंचायतों को जलापूर्ति व्यवस्थाओं का हस्तांतरण भी किया गया है। प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में 3,08,287 हैंडपंप, 4,440 नलजल योजनाएं और 2,132 स्थल जल प्रदाय योजनाएं संचालित थीं। वर्तमान में 70 समूह जल प्रदाय योजनाएं प्रगतिरत हैं, जिनसे 3,208 ग्राम लाभान्वित हो रहे हैं तथा 9 लाख 85 हजार से अधिक घरेलू नल कनेक्शन इन योजनाओं के माध्यम से जुड़े हैं। जल गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए श्री साव ने बताया कि राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित हैं, जिनमें 47 प्रयोगशालाएं एनएबीएल मान्यता प्राप्त हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 भी प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। दोषपूर्ण कार्यों के कारण बीते दो वर्षों में 28 करोड़ 38 लाख रुपये से अधिक का अर्थदंड लगाया गया, 629 अनुबंध निरस्त किए गए तथा 11 फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया। इसके साथ ही दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि शेष बचे लगभग 8 लाख घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) का निर्माण, 21 हजार से अधिक अधूरी योजनाओं को पूर्ण करना, 24 हजार से अधिक योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करना तथा सभी प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सरकार की प्राथमिकता है। मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण पर जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बीते दो वर्षों में विभाग में 403 रिक्त पदों का सृजन, 213 पदों पर नियुक्ति, 103 कर्मचारियों को पदोन्नति तथा 877 शासकीय सेवकों को समयमान-वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है।

### छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, ओबेरॉय व हयात जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में मिलेगा कार्य करने का मौका

**रायपुर।** नया रायपुर स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के अधीन यह संस्थान राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी परिषद से संबद्ध है, जहां 100 प्रतिशत प्लेसमेंट के साथ युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की नौकरियां मिल रही हैं। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रायपुर, छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग द्वारा संचालित एक अग्रणी संस्थान है। सभी पाठ्यक्रमों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना उपलब्ध है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की हॉस्पिटैलिटी शिक्षा प्रदान करती है। संस्थान डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स सहित व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करता है, जिनमें फूड प्रोडक्शन, बेकरी, हाउसकीपिंग आदि शामिल हैं। डेढ़ वर्ष की डिप्लोमा ट्रेनिंग के बाद छात्र पांच सितारा होटलों में कार्यरत हो जाते हैं। तीन वर्षीय डिग्री पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों को शुरूआत में 15-25 हजार स्टाइपेंड मिलता है। संस्थान द्वारा तीन वर्षीय पूर्णकालिक बीएससी हॉस्पिटैलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन की 80 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पर्यटन विभाग के तहत संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट रिकॉर्ड प्रवेश प्रक्रिया व महत्वपूर्ण तिथियां संस्थान में प्रवेश नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से हो रही है। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

# रिकार्ड की सटीकता से जीएसटी स्क्रूटनी प्रकरणों का होगा बेहतर प्रबंधन

### छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ में जीएसटी अनुपालन सुदृढ़ करने हेतु कार्यशाला का आयोजन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनियों में जीएसटी कानून के विभिन्न पहलुओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला थे। उन्होंने कहा कि जीएसटी कानून के तहत स्क्रूटनी एवं वाद-विवाद से बचाव के लिए सटीकता एवं सुदृढ़ रिकार्ड कीपिंग अत्यंत आवश्यक है। फाइलों का बेहतर दस्तावेजीकरण, समय पर रिटर्न दाखिला एवं नियमों के अनुरूप लेखा प्रबंधन से न केवल जीएसटी अनुपालन सुनिश्चित होता है, बल्कि विवादों की स्थिति भी नहीं बनेंगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के वित्त संकाय ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया रायपुर शाखा के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन डंगनिया मुख्यालय स्थित सेवा भवन में किया। इसमें प्रबंध निदेशक श्री शुक्ला ने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला जीएसटी लॉ के समुचित अनुपालन को सुनिश्चित करने एवं पावर कंपनियों में जीएसटी से संबंधित वाद-विवाद एवं प्रकरणों की बेहतर समझ विकसित करने की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। जीएसटी जैसे जटिल कानून में समय-समय पर होने वाले संशोधनों की जानकारी अधिकारियों के लिए आवश्यक है, जिससे कार्य निष्पादन सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ किया जा सके। कार्यशाला का विषय जीएसटी से संबंधित मुकदमे एवं निराकरण प्रबंधन था, इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के तीनों वित्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सीए श्री विकास गोलछा, चेयरमैन, आईसीएआई रायपुर शाखा रहे। उन्होंने विभिन्न पहलूओं को सरल तरीके से समझाया एवं अधिकारियों के प्रश्नों का निराकरण भी किया। र्यशाला में जीएसटी कानून की जटिलताओं, अनुपालन प्रक्रिया तथा समय-समय पर आने वाली कानूनी चुनौतियों के समुचित प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एम.एस. चौहान, जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री संदीप मोदी एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त) श्री जी.के. राठी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# साइबर अपराध रोकने, डिजिटल सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएं : मुख्य सचिव

### राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की हुई बैठक

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 100वीं तिमाही बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में शासन की जनहित योजनाओं के अंतर्गत बैंक प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश बैंकर्स को दिए गये हैं। बैठक में राज्य स्तरीय लीड बैंक तथा अन्य बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तरह से राज्य के विभिन्न जिलों में बैंक नेटवर्क की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा है कि राज्य के सभी इलाको में लोगों को बैंकिंग सुविधा मिले यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक में जानकारी दी गई की राज्य में क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात का औसत उपलब्धि स्तर अब राष्ट्रीय स्तर के समकक्ष पहुंच गया है, जो राज्य की मजबूत बैंकिंग प्रगति को दर्शाता है। बैठक में बैंकर्स को डिजिटल लेन-देन के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया है।

मुख्य सचिव श्री विकासशील ने उद्गम पोर्टल की चर्चा करते हुए कहा कि विभिन्न बैंको के खातों में लोगों की राशि पिछले कई वर्षों से जमा है। बैंक में पड़ी ऐसी राशि जिसका अपने या अपने परिवार का दावा नहीं किये गये है ऐसे बचत खाताओं का पता लगाकर लोगों की मदद की जाये और उनकी जमा राशि वापिस की जाये। इसके लिए उद्गम पोर्टल की जानकारी लोगों को प्रचार-प्रसार कर दी जानी चाहिए। उद्गम पोर्टल बैंक खातेदारों को बताता हैं कि आपका पैसा कहां है और फिर आपको उस पैसे को पाने के लिए बैंकर्स से मिलकर आवश्यक औपचारिकताएं कर बैंको में कई वर्षों से पड़ी राशि प्राप्त की जा सकती है। बैठक में डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में भी विशेष जागरूकता अभियान चलाए जायें, ताकि आमजन डिजिटल अपराधों से सावधान एवं सतर्क रहें।

# बच्ची से रेप के आरोपी के मकान पर चलेगा बुलडोजर, महापौर ने जारी किया नोटिस

### मकान को बताया अवैध 5 दिन तक किया था दुष्कर्म

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** 9 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी (65) के खिलाफ अब नगर निगम सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। आरोपी के अवैध मकान को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने इस संबंध में नोटिस जारी किया है।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, आरोपी का मकान नियमों के खिलाफ बना हुआ है। तय समय सीमा तक जवाब नहीं मिलने पर निगम द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने साफ किया है कि गंभीर अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।

अब्दुल अंसारी नाबालिग बच्ची से रेप का आरोपी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने 7 से 11 जनवरी के बीच अपने ही मोहल्ले की 9 साल की बच्ची को चॉकलेट और खाने-पीने की चीजों का लालच देकर कई बार अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। 12 जनवरी की सुबह बच्ची दर्द के कारण रोती हुई जमीन पर लेटी थी। चाची जब उसे नहलाने ले गई और दर्द की वजह पूछी, तब बच्ची ने पूरी घटना बता दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। बच्ची ने बयान में बताया कि आरोपी गलत काम करने के बाद किसी को बताने पर मारने की धमकी देता था, जिस वजह से वह डर के कारण चुप रही। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी का वीडियो भी सामने आया है।

# कृषि महाविद्यालय रायपुर में आर्मी–डे पर विशेष कार्यक्रम एयर विंग एनसीसी में 13 कैडेटों का नामांकन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** कृषि महाविद्यालय, रायपुर में आर्मी डे के अवसर पर आज स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एयर विंग एनसीसी में चयनित 13 छात्र-छात्राओं का बैज लगाकर औपचारिक रूप से नामांकन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् तथा विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डी.के. पात्रा, ग्रुप कमांडर, एनसीसी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. (कर्नल) गिरीश चंदेल ने की। विशिष्ट अतिथियों में विंग कमांडर विवेक कुमार साहू, कमांडिंग ऑफिसर, 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, रायपुर उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया गया।




स्वागत उद्बोधन में कृषि महाविद्यालय, रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए छात्रों को अनुशासन, दृढ़ संकल्प, समर्पण एवं लगन के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं प्रशासनिक अधिकारी, 7 सीजी एनसीसी बटालियन, बिलासपुर के कर्नल लोकेश देवा ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया।

विंग कमांडर विवेक कुमार साहू ने बताया कि कृषि महाविद्यालय के 13 कैडेटों का चयन एयर विंग एनसीसी की तीन-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। इसके पश्चात चयनित तेरह एनसीसी कैडेटों को बैज पहनाकर औपचारिक रूप से एयर विंग एनसीसी में नामांकन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. (कर्नल) गिरीश चंदेल ने चयनित कैडेटों को बधाई दी तथा इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डी.के. पात्रा ने विश्वविद्यालय की सैन्य पृष्ठभूमि की सराहना करते हुए छात्रों को सेवा के विभिन्न मार्गों, विशेषकर एनडीए जैसे विकल्पों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बलिदान, संघर्ष और चुनौतियों के लिए सदैव तैयार रहने, अच्छी आदतें विकसित करने, जोखिम उठाने तथा हिंदी और अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा को सीखने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मेजर जी.के. श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की 8 सीजी गर्ल्स बटालियन की संचालक डॉ. नियति पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. लेफ्टिनेंट कर्नल धर्मवीर सिंह चौहान, डिप्टी डायरेक्टर, एम्स रायपुर; डॉ. एन.वी. रमण राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर; डॉ. कृष्णदत्त चावली, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, एम्स रायपुर; विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवा रायपुर में 3 फरवरी से शुरू होगा छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप


### देश-विदेश के 125 पेशेवर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे छग के 60 खिलाड़ियों को भी मिलेगा मौका

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व खेल मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे एडिशन के आयोजन की घोषणा की। यह टूर्नामेंट पीजीटीआई का 2026 सीजन का पहला टूर्नामेंट होगा, जो 3 से 6 फरवरी तक नया रायपुर के शानदार फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट में खेला जाएगा। इसमें 7 देशों के 126 पेशेवर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें 18-18 होल के चार राउंड होंगे। दो राउंड के बाद टॉप 50 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी कट में जगह बनाएंगे। इसमें छत्तीसगढ़ 60 खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलेगा।

इस इवेंट के लिए पुरस्कार राशि जो पिछले साल पहले एडिशन में 1 करोड़ रुपये थी। इस साल दूसरे एडिशन के लिए बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दी गई है। उम्मीद है कि भारत के जाने-माने प्रोफेशनल खिलाड़ी और विदेशों के कई प्रोफेशनल खिलाडी इस इवेंट में हिस्सा लेंगे. टूर्नामेंट हफ़्ता 1 फरवरी को प्रो-एम इवेंट के साथ शुरु होगा।

**गोल्फ टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगा :** खेल मंत्री श्री साव ने कहा कि जिस तरह से खेल विभाग गोल्फ टूर्नामेंट समेत अलग-अलग खेलों को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। इससे यह छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस टूर्नामेंट में कई देशों के खिलाड़ी आएंगे। इससे प्रदेश में पर्यटन व होटल उद्योग को लाभ होगा। देश-विदेश के लोग छत्तीसगढ़ व यहां की संस्कृति के बारे में जानेंगे।




**एक गोल्फ कोर्स बनाने से 16 हजार करोड़ का फायदा :** श्री ओहल ने बताया कि एक गोल्फ कोर्स बनाने से टूर्नामेंट आयोजन व अन्य गतिविधियों से करीब 16 हजार करोड़ का फायदा होता है। पर्यटन व होटल उद्योग को बढ़ावा मिलता है। ये एक भ्रांतियां हैं कि गोल्फ एलीट वर्ग का खेल है, लेकिन इसके ज्यादातर प्रोफेशनल खिलाड़ी मिडिल क्लास से हैं। इस बार टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के 60 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 6 से 7 स्पाट लोकल खिलाड़ियों के लिए होते हैं। मुख्य टूर्नामेंट में क्वालीफाई के लिए लोकल दो खिलाड़ियों को मौका मिलेगा।

**नवा रायपुर का गोल्फ कोर्स मध्य भारत का पहला 18 होल कोर्स है :** फेयरवे गोल्फ एंड लैक रिज़ॉर्ट, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ की नई नियोजित राजधानी शहर ÷नवा रायपुर÷ से स्थित है, जिसे अवकाश और मनोरंजन के साथ एक एकीकृत समुदाय के रूप में योजनाबद्ध किया गया था। गोल्फ कोर्स 450 एकड़ की झांझ झील के किनारे स्थित है और लगभग 500 एकड़ के जंगल से खूबसूरती से घिरा हुआ है।

### छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप ने महत्वपूर्ण स्थान बना लिया हैः अमनदीप

पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप ओहल में कहा कि पिछले साल छत्तीसगढ़ में पीजीटीआई की पहली सफल शुरुआत के बाद, छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप ने पीजी11 कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। दूसरा एडिशन पूरे देश में गोल्फ के खेल को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इसे पारंपरिक केंद्रों से आगे टियर-2 और टियर 3 शहरों तक ले जाता है, जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि गोल्फ एक ऐसे राष्ट्र के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है जो विकसित देश का दर्जा पाने की आकांक्षा रखता है। पीजीटीआई बोर्ड के स्पष्ट रणनीतिक मार्गदर्शन में, जिसका नेतृत्व अध्यक्ष कपिल देव और जी20 शेरपा अमिताभ कांत कर रहे हैं। यह दूर भारतीय पेशेवरों के लिए अधिक खेलने के अवसर पैदा करते हुए नए क्षेत्रों में पेशेवर गोल्फ का विस्तार करना जारी रखे हुए है।

### छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय खेल आयोजनों के केंद्र के रूप में उभर रहाः साव

टूर्नामेंट की घोषणा करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री व खेल मंत्री अरुण साव ने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित चैंपियनशिप के उ?द्घाटन संस्करण की अभूतपूर्व सफलता के बाद छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का आयोजन खेलों के प्रोत्साहन तथा छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल आयोजनों के एक उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्रकार के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि पर्यटन, युवाओं की सहभागिता और राज्य के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे आयोजनों की मेजबानी से छत्तीसगढ़ की विश्वस्तरीय सुविधाओं, उत्कृष्ट आयोजन क्षमता तथा सशक्त होती खेल संस्कृति का प्रभावी प्रदर्शन होता है।

# यादव महासम्मेलन 22 फरवरी को, 21 जोड़े का आदर्श विवाह युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं संस्कृति कार्यक्रम

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों का सम्मान मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निःशुल्क 21 जोड़ो का आदर्श विवाह प्रधान कार्यालय, महादेव घाट रायपुरा में 22 फरवरी 2026 दिन रविवार, सुबह 11 बजे से यादव सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा रायपुर में रखा गया है।



प्रथम सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय गजेन्द्र यादव, मंत्री (छ.ग. शासन) अध्यक्षता जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज, विशेष अतिथि रामकुमार यादव, विधायक चंद्रपुर विधानसभा द्वारकाधीश यादव जी, विधायक खल्लारी विधानसभा, द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर संसदीय क्षेत्र विशेष अतिथि राजेश मूणत, विधायक रायपुर पश्चिम विधानसभा मीनल चौबे, महापौर नगर पालिका निगम रायपुर अध्यक्षता सुन्दर लाल यादव अध्यक्ष रायपुर महानगर इकाई छ.ग. झेरिया यादव समाज, के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। समाज के शहर अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने बताया कि अलग-अलग परिक्षेत्र में करीब 22 लाख समाज के लोग रहते है। इसमें एकजुटता लाने 2015 से पदाधिकारियों ने आदर्श विवाह कराने पहल की हैं। लगभग 03 हजार से ज्यादा का आदर्श विवाह कराया गया है। इस वर्ष यह निर्णय लिया गया है उपहार के स्वरूप में प्रति जोड़े को 05 कांसे के बर्तन और घरेलू सामान देने का तय किया गया हैं।

**शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।**
**डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।**

## संपादकीय



### बेखौफ साइबर अपराधी

दिल्ली में डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर बुजुर्ग महिला कारोबारी से सात करोड़ रुपये की ठगी का मामला यही बता रहा है कि साइबर ठग बेलगाम बने हुए हैं। सात करोड़ रुपये की ठगी के पहले दिल्ली में ही एक एनआरआइ दंपती से 15 करोड़ की ठगी हुई थी। वास्तव में शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो, जब देश के किसी न किसी हिस्से से साइबर ठगी का मामला सामने न आता हो।

हालांकि साइबर ठग बार-बार उन्हीं तौर-तरीकों से लोगों को ठगते हैं, जिनसे पहले तमाम लोगों को ठग चुके होते हैं, लेकिन फिर भी लोग उनके झांसे में आ ही जाते हैं। इनमें कई तो अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग होते हैं। उनके ठगे जाने से यही पता चलता है कि औसत लोग साइबर अपराधियों के तौर-तरीकों को लेकर जागरूक नहीं। साइबर ठग नकली पुलिस, सीबीआइ, कस्टम, ईडी, आयकर अधिकारी या वकील-जज बनकर जिस आसानी से लोगों से लाखों-करोड़ों रुपये हड़प लेते हैं, उससे हैरानी होती है कि आखिरकार लोग यह क्यों नही समझ पा रहे हैं कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है? निःसंदेह लोगों को साइबर ठगी को लेकर जागरूक होने की जरूरत है, लेकिन इससे कहीं बड़ी जरूरत साइबर ठगों पर शिकंजा कसने की है। यह निराशाजनक है कि पुलिस और अन्य एजेंसियां इसमें सक्षम नहीं हो पा रही हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर साइबर ठगी के बढ़ते मामलों का सुप्रीम कोर्ट की ओर से स्वतः संज्ञान लिए जाने पर केंद्र सरकार ने एक समिति गठित की, जिसमें एनआइए, सीबीआइ, साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर के सदस्यों के अलावा कई मंत्रालयों के अफसर और साथ ही रिजर्व बैंक के संयुक्त सचिव शामिल हैं, क्योंकि यह काम तो बहुत पहले ही कर लिया जाना चाहिए था। आशा है कि सुप्रीम कोर्ट इस समिति की रपट का संज्ञान लेकर ऐसे प्रभावी आदेश-निर्देश देगा, जिनसे साइबर ठगों पर लगाम लगेगी। ऐसा होना ही चाहिए, क्योंकि साइबर ठगी के तहत हड़पी जाने वाली राशि बढ़ती जा रही है। साइबर अपराधी केवल लोगों को डरा-धमकाकर ही ठगी नहीं कर रहे हैं। वे निवेश का आकर्षक लालच देकर भी लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। इससे यही पता चलता है कि वे बेलगाम और बेखौफ हैं। अधिकतर मामलों में वे पकड़े नहीं जाते और यदि पकड़े भी जाते हैं तो हड़पी गई राशि वापस नहीं मिल पाती, क्योंकि वह विदेश भेज दी गई होती है। साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए केवल पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम ही नहीं बनना होना होगा, बल्कि मोबाइल कंपनियों और बैंकों के कामकाज के तरीकों को भी दुरुस्त करना होगा। सरकार को यह समझना होगा कि यदि साइबर ठग बेलगाम बने रहे तो लोग डिजिटल लेन-देन से कन्नी काटने को बाध्य होंगे।

# चुनौती संग नई संभावना है सौर ई-अपशिष्ट

■ विकास शर्मा, प्रबंधक (सीएसपीडीसीएल)



विगत दिनों के दो समाचारों ने मेरा ध्यान अपनी ओर खींचा है। पहला देश में सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 132 गीगावॉट को पार करने की और दूसरा रायपुर नगर निगम ने 310 टन ई-कचरा बेचकर ढाई करोड़ रूपए से अधिक कमाए। इस कचरे में सोना,चांदी, तांबा, एल्यूमिनियम समेत कई अन्य धातुएं थीं। गौर करने वाली बात है कि देश में ऊर्जा की खपत लगातार बढ़ रही है और अनुमान के मुताबिक 2032 तक अधिकतम मांग 388 गीगावॉट होगी। भारत में अगले 30 वर्षों में वैश्विक औसत से डेढ़ गुना तेजी से ऊर्जा खपत बढ़ने की संभावना है। शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा पर ही सभी बल दे रहे हैं। इसमें सबसे अधिक जोर सौर ऊर्जा पर है।सीईए की रिपोर्ट के अनुसार देश में 2032 तक सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 366 गीगावॉट और 2050 में 1700 गी.वॉ होगी। ऊर्जा सबलता की दिशा में बढ़ते विश्व और विशेषकर भारत के लिए सौर ङ्क ई अपशिष्ट ( सोलर ई वेस्ट) एक चुनौती है और साथ ही आने वाले दिनों में बड़े अवसर पैदा करेगा।

**सौर ई -अपशिष्ट का बढ़ता ग्राफ :** भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है और साथ ही ई- अपशिष्ट उत्पादन के मामले में भी तीसरे स्थान पर है। विश्व में 2022 में 62 लाख मीट्रिक टन ई-कचरा उत्पादित हुआ जो 2030 तक 82 लाख मीट्रिक टन तक पहुँचने जा रही है। इसी प्रकार आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय की रिपोर्ट का अनुमान है कि देश में 2023-24 में ही 17.51 लाख मीट्रिक टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ है। सौर पैनलों के बढ़ते उपयोग और भविष्य की योजना को देखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की एक कमेटी का अनुमान है कि वर्ष 2023 में जो 10 हजार मीट्रिक टन सौर-ई अपशिष्ट था वह 2030 में 34 हजार मीट्रिक टन और 2050 तक यह 1.9 लाख मीट्रिक टन तक जा पहुँचेगा। सौर ई-अपशिष्ट के मामले में राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडू और आँध्रप्रदेश आगे हैं।

**सौर ई -अपशिष्ट का हिस्सा अहम धातु :** आज देश में ई कचरा और उसमें भी सोलर पैनलों से उत्पन्न होने वाला सौर ई-कचरा चिंता का विषय है। भारत में सिलिकान आधारित सोलर पैनल अधिक उपयोग में आते हैं जिसके अपशिष्ट में काँच के साथ ही कई महत्वपूर्ण धातु होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (आईआरएनए) के मुताबिक इनमें लिथियम, सीसा, पारा, कैडमियम सिलिकॉन, तांबा, टेरेरियम, काँच, एल्युमिनियम आदि प्रमुख हैं। सौर ई-कचरे में सीसा,पारा और कैडमियम खतरनाक धातु भी हैं साथ ही कई महत्वपूर्ण एवं क्रिटिकल मिनरल की श्रेणी में शामिल हैं। अध्ययन के मुताबिक एक मेगावॉट सौर मॉड्यूल में लगभग 65 टन का वजन होता है और इसी के अनुपात में इसके कचरे का अनुमान लगाया जा सकता है।



**उदासीनता से बढ़ेगा संकट :** सौर ई-कचरे का निपटान एक चुनौती है और इसे लेकर उदासीनता आने वाली पीढ़ी के लिए संकट का कारण। 34 हजार मीट्रिक टन सौर ई ङ्ककचरे में से 1000 टन सिलिकॉन, 12-18 टन चांदी और 16 टन कैडमियम एवं टेलेरियम शामिल हैं। ई-कचरे में जिस प्रकार से खतरनाक धातु मिश्रित हैं इनके खुले में रहने से जल,मिट्टी एवं वायु प्रदूषण की आशंका है। ग्रीन हाऊस गैस का उत्सर्जन समेत कई अन्य खतरे भी बढ़ेंगे। सोलर पैनल के एल्यूमिनियम और सीसा से जल एवं मिट्टी का प्रदूषण होता है। इन धातुओं से प्रदूषित होने का मतलब है मानव जीवन समेत अन्य जीव जंतुओं के लिए अस्तित्व का संकट। कैंसर से लेकर न्यूरोलॉजिकल एवं स्वसन संबंधी समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। सीसा,पारा और कैडमियम इनमें हानिकारक धातु हैं जिनकी अनदेखी मानव जीवन के लिए घातक ही होगी।

**सौर ई- कचरा प्रबंधन और कानून :** देश ही नहीं विश्वभर में सौर ऊर्जा उत्पादन के विस्तार के साथ सौर ई-कचरा चिंता का विषय बना है और सरकारों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। सौर पैनल की आयु 25-30 वर्ष तक अनुमानित है। असल में पैनल के 80 प्रतिशत तक क्षमता से सौर ऊर्जा उत्पादन होने को ही पैनल का जीवन माना जाता है उसके बाद यह अपशिष्ट का हिस्सा बन जाता है। इस अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन एवं निपटान पर विश्वभर में लगातार शोध और जमीनी तौर पर प्रयास साथ ङ्क साथ चल रहे हैं। सौर ई ङ्क अपशिष्ट का तीन स्तर पर निपटान किया जा रहा है जो वेस्ट रिसाइकिल पर केन्द्रित है। भारत में बड़े सौर ऊर्जा उत्पादकों यथा एनटीपीसी, अडानी पॉवर, टाटा पॉवर, रिलायंस एनर्जी समेत कुछ अन्य शासकीय एवं निजी क्षेत्र की कंपनियाँ अपने स्तर पर इस ई-अपशिष्ट का निपटान करने का प्रयास कर रही हैं। इन सबके बावजूद ऐसे प्रयासों का अब लोकव्यापीकरण करने की आवश्यकता है। आईआरएनए के मुताबिक सौर पैनलों का 90 प्रतिशत तक रिसाइकिल किया जा सकता है। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण कानून के अंतर्गत ई ङ्क अपशिष्ट प्रबंधन नियम ङ्क 2022 बनाया जिसमें विशेषकर सौर ई- अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी प्रावधानों को शामिल किया गया। इसका फोकस टेक , मेक , वेस्ट से आगे रीपेयर, रीयूज़ एंड रिपीट के माध्यम से पुनर्चक्रण पर है।

**रोजगार सृजन का बड़ा क्षेत्र :** ग्राउंड माउंटेड हो या रूफ टॉप दोनों प्रकार के सौर पैनल अब देश में तेजी से बढ़ रहे हैं। ई ङ्ककचरा प्रबंधन एक चुनौती होने के बावजूद रोजगार सृजन की बड़ी संभावना लेकर आया है। यह अगले दो दशक में भारत के अंदर 3700 करोड़ रूपए की अर्थव्यवस्था तैयार करेगा। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की इनेबलिंग सर्कुलर इकोनॉमी इन इंडियाज़ सोलर इंडस्ट्री विषयक रिपोर्ट में बताया गया है कि ई-अपशिष्ट का प्रबंधन सर्कुलर इकोनामी को बढ़ावा देने वाला है। रीसाइक्लिंग के माध्यम से प्राप्त कीमती धातुओं के साथ अन्य सामग्री का विभिन्न निर्माण उद्योगों में कच्चे माल के रूप में उपयोग हो सकता है। एकत्रीकरण, परिवहन एवं पुनर्चक्रण की इस व्यापक प्रक्रिया में रोजगार की बड़ी संभावना है। स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स के अनुसार देश में 10 लाख लोगों को अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है और अगले दस वर्ष के अंदर 30-35 लाख अतिरिक्त रोजगार इस क्षेत्र में सृजित होने का अनुमान है। छ्त्तीसगढ़ भी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं से प्रोत्साहित हो निजी और उद्योग जगत की भागीदारी से सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ा है। ऐसी स्थिति में भविष्य की चुनौतियों के लिए भी छत्तीसगढ़ तैयार होगा इसके संकेत रायपुर नगर निगम द्वारा ई-कचरे के पुनर्चक्रण के जरिए मिले हैं। आगामी दिनों में आम घरों में सौर पैनलों की स्थापना के साथ आमजन ई-कचरे के निपटान के प्रति भी सजग होंगे। हरित ऊर्जा संग अपशिष्ट प्रबंधन कर नई पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण और हरित रोजगार के अवसर देने में हम सफल हो सकेंगे।

## प्रेरक प्रसंग

### सबसे अच्छा दोस्त

एक बार की बात है, दो दोस्त एक साथ रेगिस्तान से गुजर रहा था। जाते जाते रस्ते में दोनों के बीच एक बात को लेकर बहस हुई। उस बात को लेकर एक दोस्त ने गुस्से में आकर दूसरी दोस्त की गालो पे जोर से थप्पड़ मारा।जो मार खाया उसने बहुत ही गुस्सा किया, उसकी गालों पे चोट लगी थी। उसने बिना कुछ कहें रेत पर लिखा ÷आज मेरा सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे थप्पड़ मारा।÷फिर दोनों दोस्तों ने रेगिस्तान में चलना शुरु किया। तब तक चलते रहे जब तक दोनों को रेगिस्तान में पानी नहीं मिला। कुछ दूर चलने के बाद दोनों को एक नदी दिखी, फिर दोनों ने नहाने का फैसला किया।दोनों दोस्त जाकर पानी में नहाने लगे। थोड़ी देर बाद जिसने थप्पड़ खाया वह पानी में फँस गया और डूबने लगा तब दुसरे दोस्त ने उसे बचा लिया। उसने नदी से बाहर आकर एक पत्थर पर लिखा, आज मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मेरी जान बचाई। जिस दोस्त ने थप्पड़ मारा था उसने दूसरे दोस्त को पुछा, मैंने तुम्हें चोट पहुंचाया तो बाद में तुमने रेत पे लिखा। और जब मैं तुम्हें पानी में डूबते हुए बचाया तो तुमने क्यों एक पत्थर पर लिखा?÷दूसरे दोस्त ने जवाब दिया, ÷जब तुम हमें चोट पहुंचाए तब मैंने रेत पर लिखा था क्यूंकि अगर जोर से हवा आई तो लिखा मिट जायेगा। जब कोई हमारे लिए कुछ अच्छा करे तो तब हम पत्थर पर लिखे क्यूंकि पत्थर में लिखे को कोई भी हवा मिटा नहीं सकती। उसके बाद दोनों दोस्त बात करते करते अपने घर चले गए।

## धर्म-कर्म

### सफलता पाने के लिए कभी भी अपने अंदर ना रखें इन चीजों का डर

आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि सफलता का सबसे बड़ा शत्रु डर है। डर व्यक्ति को छोटा रखता है, अवसरों से दूर करता है और सपनों को दबा देता है। चाणक्य कहते हैं - %जो डरता है, वह कभी आगे नहीं बढ़ सकता है।% सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है जो डर को त्याग देते हैं। चाणक्य नीति में चार ऐसे डर बताए गए हैं जो व्यक्ति को हमेशा पीछे रखते हैं - सच बोलने का डर, मेहनत से डरना, बदलाव से डरना और संघर्ष से डरना। इन चार डरों को मन में रखने वाला कभी भी बड़ा मुकाम नहीं हासिल कर सकता है। आइए इन चार डरों को विस्तार से समझते हैं और जानते हैं कि इन्हें कैसे त्यागें।

सच बोलने का डर - सबसे बड़ा बंधन

आचार्य चाणक्य कहते हैं कि सच बोलने से डरने वाला कभी सम्मान नहीं पाता है। आज के समय में लोग सच बोलने से डरते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे लोग नाराज हो जाएंगे, रिश्ते टूट जाएंगे या नुकसान होगा। लेकिन चाणक्य नीति सिखाती है कि सच बोलने से डरने वाला हमेशा झूठ के बोझ तले दबा रहता है।

मेहनत से डरना - आलस्य का सबसे बड़ा कारणः चाणक्य नीति में आलस्य को सबसे बड़ा शत्रु बताया गया है। मेहनत से डरने वाला व्यक्ति कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। लोग सोचते हैं कि मेहनत करने से थकान होगी, समय लगेगा या परिणाम नहीं मिलेगा। लेकिन आचार्य चाणक्य कहते हैं कि मेहनत से डरने वाला बुढ़ापे में भिखारी बनता है। सफलता मेहनत के बिना कभी नहीं मिलती है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## आंचलिक

# जिले के चारों विकासखंडों में बस्तर पंडुम का हुआ आगाज

### पारंपरिक उत्सव के साथ आज विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

समवेत शिखर संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुसार बस्तर की समृद्ध जनजातीय लोक-संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित 'बस्तर पंडुम 2026' का शुभारंभ आज जिले के सभी विकासखंड दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण स्तरों से भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। यह आयोजन निर्धारित दिवसों तक विकासखंड स्तर पर लगातार आयोजित किया जाएगा।

इस क्रम में विकासखंड कटेकल्याण में बस्तर पंडुम के आयोजन में शिरकत करने पहुंचे क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि अपनी जड़ों और परंपराओं को जीवित रखना केवल सांस्कृतिक दायित्व ही नहीं, बल्कि हमारी पहचान को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव नई पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। अपने उद्बोधन में विधायक श्री अटामी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बस्तर पंडुम जैसे आयोजन तीज-त्यौहार, पारंपरिक खानपान, बोली-भाषा, वेशभूषा और रीति-रिवाजों को संरक्षित एवं संवर्धित करने का महत्वपूर्ण मंच हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में जहां पारंपरिक कला और लोक-संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है, वहीं ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनजातीय परंपराओं की समृद्ध विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी समान रूप से महत्वपूर्ण है। बस्तर पंडुम जैसे सांस्कृतिक उत्सव न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पूरे प्रदेश की पहचान है, और इसे संरक्षित व प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम न केवल स्थानीय परंपराओं को एक नया मंच प्रदान करता है, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का अवसर भी देता है। श्री मुड़ामी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचान दिलाने, पारंपरिक कला, नृत्य और संगीत को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाने में इस उत्सव की अहम भूमिका है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से मिलकर इस सांस्कृतिक विरासत को संजोने की अपील की। इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का गौरव है, बल्कि आदिवासी कला, लोकनृत्य, हस्तशिल्प और पारंपरिक खेलों को मंच प्रदान कर उन्हें नई पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर भी है। विकासखंडों में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, कलाकार, महिला समूह और युवा उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। पारंपरिक वाद्य-यंत्रों की गूंज, लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति और जनजातीय संस्कृति की रंगीन झलक से पूरा क्षेत्र उत्सवमय हो गया है। ज्ञात हो कि बस्तर पंडुम में पंजीयन जिसमें दंतेवाड़ा विकासखंड में अब तक 6,500 प्रतिभागियों ने, गीदम विकासखंड में 7,113 प्रतिभागियों ने, कुआकोंडा में 6,495 प्रतिभागियों ने तथा कटेकल्याण विकासखंड में 6,000 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है।

# 27 और 28 जनवरी 2026 को राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत होगा दस्तावेज सत्यापन

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार राजीव युवा उत्थान योजना राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान ऐसे अभ्यर्थी जो नई दिल्ली स्थित विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं से वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने हेतु इच्छुक हैं से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसकी प्राक्रयन परीक्षा पूर्व में दिनांक 28 दिसंबर 2025 को आयोजित कर मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट में अपलोड कर दी गई थी। इसके अनुसार मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किये जाने वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची एवं कार्यक्रम विवरण विभागीय वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। दस्तावेज सत्यापन हेतु अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी के लिए 27 जनवरी 2026, तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी हेतु 28 जनवरी 2026 (समय-11 से 4 बजे तक) निर्धारित किया गया हैं। दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को प्राक्रयन परीक्षा का प्रवेश पत्र, कक्षा 10वीं की अंकसूची, स्नातक की अंकसूची, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी, अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों हेतु आय प्रमाण-पत्र, नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित स्व घोषणा प्रमाण-पत्र, अभिप्रमाणित स्व घोषणा प्रमाण-पत्र लेकर मीटिंग हॉल 04 तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में उपस्थित होना होगा। इसके अलावा अनुपस्थित अभ्यर्थियों के निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत दस्तावेज सत्यापन नहीं किया जायेगा।

## आज का इतिहास

- ✳2009 : भारतीय ओलम्पिक संघ के महासचिव रणधीरसिंह ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- ✳2008 : केन्द्र सरकार ने विकलांगों को नौकरियां देने के लिए 1800 करोड़ रुपये की एक योजना को मंज़ूरी प्रदान की।
- ✳2007 : आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर माइकल बेवन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।
- ✳2002: अमेरिकी विदेश मंत्री कॉलिन पावेल भारत पहुँचे, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख़ का समर्थन किया।
- ✳1995 : जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
- ✳1989 : कर्नल जेके बजाज उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।
- ✳1987 : टाटा फुटबॉल अकादमी खुला।
- ✳1985 : भारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट शतक लगाया।

# अवैध धान परिवहन व भंडारण पर सख्त कार्रवाई

### एसके फूड्स राइस मिल सील, 20,976 क्विंटल धान व 605 क्विंटल चावल जब्त

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी में अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल, नगरी द्वारा राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार देर शाम को गट्टासिल्ली स्थित एस.के. फूड्स राइस मिल का निरीक्षण किया गया। उक्त मिल के संचालक श्री आसिफ मेमन हैं।

निरीक्षण के दौरान मिल परिसर में उपलब्ध स्टॉक पंजी का गहन परीक्षण किया गया तथा भौतिक सत्यापन के माध्यम से धान एवं चावल की वास्तविक मात्रा का मिलान किया गया। जांच में यह पाया गया कि मिल परिसर में दर्ज स्टॉक की तुलना में धान की मात्रा 269 क्विंटल अधिक पाई गई। यह अतिरिक्त मात्रा धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अवैध परिवहन एवं भंडारण की आशंका को दर्शाती है, जिसे गंभीर अनियमितता माना गया। संयुक्त दल द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मिल परिसर में उपलब्ध कुल 20,976 क्विंटल धान एवं 605 क्विंटल चावल को जब्त किया गया। जब्त सामग्री को नियमानुसार मिल के प्रतिनिधि श्री जावेद मेमन की सुपुर्दगी में दिया गया तथा आगे की जांच एवं वैधानिक प्रक्रिया के लिए राइस मिल को सील बंद किया गया। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों की रक्षा एवं समर्थन मूल्य प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की संयुक्त जांच एवं कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी मिल संचालकों एवं व्यापारियों को शासन के नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन की इस सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई से जिले में नियमों के पालन को मजबूती मिली है तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है।

# परखंदा के साहिल साहू ने बेचा 231 क्विंटल धान

**धमतरी।** धमतरी जिले के परखंदा ग्राम निवासी प्रगतिशील किसान साहिल साहू ने यह सिद्ध कर दिया है कि सुनियोजित खेती, मेहनत और सरकारी व्यवस्थाओं का सही लाभ लेकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकता है। साहिल साहू ने अपने 11 एकड़ खेत में उत्पादित धान को गाड़ाडीह उपार्जन केंद्र में बेचते हुए इस वर्ष कुल 231 क्विंटल धान का उपार्जन किया। साहिल साहू पिछले कई वर्षों से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस वर्ष धान खरीदी की व्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक बेहतर, पारदर्शी और किसान-हितैषी रही। उपार्जन केंद्र में समयबद्ध तौल, सुव्यवस्थित लाइन व्यवस्था, सहयोगी कर्मचारी और त्वरित प्रक्रिया से किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। इससे न केवल समय की बचत हुई, बल्कि किसानों का भरोसा भी व्यवस्था पर और मजबूत हुआ है। खेती के अनुभव साझा करते हुए साहिल साहू बताते हैं कि वे उन्नत बीजों का चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग और समय पर कृषि कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। आधुनिक तकनीकों और कृषि विभाग से मिलने वाले मार्गदर्शन ने उनकी उपज और गुणवत्ता दोनों में सुधार किया है।

# बाघ गणना 2026 को लेकर वन कर्मचारियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

### ट्रेल सर्वे एवं कैमरा ट्रैप विधि की दी गई विस्तृत जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 के अंतर्गत जिले में बाघ गणना की तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में वन विभाग के मैदानी अमले को बाघ गणना हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम वनमंडल धमतरी के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें संयुक्त वनमंडलाधिकारी, समस्त उपवनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, बीट गार्ड सहित अन्य मैदानी कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान बाघ गणना की दोनों प्रमुख विधियों–ट्रेल सर्वे पद्धति एवं कैमरा ट्रैप विधि–की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ट्रेल सर्वे पद्धति के अंतर्गत बाघ एवं अन्य वन्यप्राणियों के पदचिन्ह, मल, खरोंच के निशान एवं अन्य प्राकृतिक संकेतों के आधार पर आंकलन किया जाता है, जबकि कैमरा ट्रैप विधि में निर्धारित स्थलों एवं दूरी पर कैमरे स्थापित कर वन्यप्राणियों की गतिविधियों का वैज्ञानिक ढंग से आंकलन किया जाता है। इसके साथ ही शाकाहारी वन्यप्राणियों की गणना तथा उनके आवास क्षेत्र के मूल्यांकन की विधियों पर भी प्रकाश डाला गया।

## न्यूज ब्रीफ

### कुम्हारी में आज से राज्य स्तरीय जस झांकी प्रतियोगिता

**कुम्हारी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय बाजार चौक में 17 और 18 जनवरी को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के संयोजक माँ महामाया सेवा समिति कुम्हारी हैं तथा इसका आयोजन श्री जय माँ शारदा महामाया बघवा जस झांकी परिवार कुम्हारी द्वारा किया जा रहा है।

### कलेक्टर पहुंची ग्राम टेमरी संस्थानों का किया निरीक्षण

**बेमेतरा।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज महामहिम राज्यपाल द्वारा गोद लिए ग्राम टेमरी पहुंची। इस दौरान उन्होंने यहां संचालित लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण कर नागरिकों को मिल रही जन सुविधाओं का बारीकी से जानकारी ली। कलेक्टर ने केंद्र संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों को उनकी निर्धारित सेवा सहज उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित दर तय करें और सेवा के आधार पर शुल्क लेवें। कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम टेमरी में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करते हुए कहा कि महिलाओं एवं बच्चों को विशेष स्वास्थ्य सेवा लाभ मिलनी चाहिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष, दवाई वितरण कक्ष सहित ओपीडी का निरीक्षण की। कलेक्टर ने उपस्थित चिकित्सकों को संवेदना के साथ मरीजों का उपचार करने निर्देशित की। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने इस दौरान महिला आजीविका के लिए बनाए जा रहे महिला सदन का भी निरीक्षण की कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह केंद्र महिलाओं के समग्र कल्याण के लिए सेतु का कार्य करेगा। इसे ध्यान में रखकर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देशित की।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत धार्मिक स्थलों व विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बेमेतरा।** जिला बेमेतरा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज 15 जनवरी 2026 को व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गईं। यह कार्यक्रम कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।अभियान के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री व्योम श्रीवास्तव एवं परियोजना समन्वयक (चाइल्ड हेल्पलाइन) श्री राजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित श्री शमी गणेश मंदिर एवं गुरुद्वारा के ट्रस्टी/प्रबंधक/अध्यक्ष एवं पुजारियों से भेंट कर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान उनसे आग्रह किया गया कि किसी भी विवाह से पूर्व बालिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं बालक की 21 वर्ष सुनिश्चित करते हुए अनिवार्य रूप से आयु सत्यापन किया जाए। आयु सत्यापन के लिए आधार कार्ड को मान्य न मानते हुए केवल अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही विवाह संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी तक जिले के समस्त धार्मिक स्थलों–मंदिर, गुरुद्वारा, चर्च, मस्जिद, ट्रस्ट–तथा विवाह से जुड़े विभिन्न सेवा प्रदाताओं जैसे धर्मगुरु, टेंट, डीजे, रसोइया आदि के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर जन समुदाय को जागरूक करने हेतु संचालित किया जा रहा है।

# सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का सशक्त संगम है शिव पुराण : मुख्यमंत्री साय

### प्रधानमंत्री की माताश्री हीराबेन मोदी की पुण्य स्मृति में आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

समवेत शिखर संवाददाता



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सनातन परंपरा और आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में नैतिकता, संस्कार और सामाजिक समरसता को बल मिलता है। वे आज रायगढ़ जिले के बरगढ़ खोला अंचल के ग्राम-खम्हार में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में को सम्बोधित कर रहे थे।

गौरतलब है कि इस कथा का आयोजन देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की माताश्री हीराबेन मोदी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से प्रदेश की जनता के लिए सुख, समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही भूमि है जहां प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल का अधिकांश समय व्यतीत किया। माता शबरी के जूठे बेरों की महिमा आज भी जीवंत है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुगंधित चावल से बना प्रसाद अर्पित किया गया, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित रामलला दर्शन योजना के तहत अब तक दो वर्षों में 40 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या दर्शन कर चुके हैं। वहीं मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत 19 चिन्हित तीर्थ स्थलों की यात्रा कराते हुए अब तक 5 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया गया है। कार्यक्रम को वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने भी संबोधित किया।

श्री शिव महापुराण कथा का वाचन अकोला (महाराष्ट्र) से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज द्वारा संगीतमय शैली में किया जा रहा है, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती सहित संपूर्ण शिव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया और श्रीमती कमलेश जांगड़े राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा गबेल, रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष खरसिया श्री कमल गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत मुनरबोड़ में जनचौपाल आयोजित



समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** जिले के जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनरबोड़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस जनचौपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा उपस्थित रहे और उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चयनित एवं संभावित सभी हितग्राहियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना।

जनचौपाल में उपस्थित जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं वीबीजी रामजी योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना के अंतर्गत आवास की प्रारंभिक सूची तैयार करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों का संकलन एवं सत्यापन, आवास निर्माण की स्वीकृति, तथा निर्माण के विभिन्न चरणों में किस्तों के भुगतान की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं चरणबद्ध तरीके से की जाती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने जनचौपाल के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर आवास निर्माण के दौरान हितग्राहियों को आ रही किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# शौर्य जागृति शिविर में युवा सीखेंगे स्वरक्षा के गुर

### महेश कॉलोनी पुलगांव में आज से शिविर, 1 हजार से अधिक युवा लेंगे हिस्सा

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** हिन्दूओं के जन-जागरण और हिन्दू राष्ट्र निर्माण को लेकर कार्यरत हिन्दू जन जागृति समिति और वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन युवा को स्वरक्षा का प्रशिक्षण देगी। जिसके अंतर्गत 15 से 40 वर्ष के युवक-युवतियों को स्वरक्षा के लिए कराटे, नानचाकू, लाठी-काठी एवं अन्य सुरक्षा संबंधी कला निःशुल्क सिखाए जाएंगे। इसे लेकर 17 और 18 जनवरी को महेश कॉलोनी पुलगांव (डोमशेड) में स्वरक्षा शौर्य जागृति प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा।

शिविर का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में समाज में बढ़ती असुरक्षा की भावना, अपराध और महिलाओं से बढ़ते छेड़छाड़ की घटनाओं से निपटने युवाओं को सक्षम बनाकर उनका मनोबल बढ़ाना है। शिविर में देश व प्रदेश के ट्रेनर शामिल होंगे। जिनके द्वारा युवाओं को स्वरक्षा के कला से प्रशिक्षित किया जाएगा। स्वरक्षा शौर्य जागृति प्रशिक्षण शिविर को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। जिसके चलते शिविर में शामिल होने अब तक 1 हजार से अधिक युवक-युवतियों द्वारा पंजीयन करा लिए गए है। शिविर के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सनातन संस्था धर्म प्रचारक संत अशोक पात्रीकर बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे। वहीं शिविर के दूसरे दिन समापन सत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज श्रीमंत मुधोराजे भोसले के अलावा प्रबल प्रताप जुदेव,अशोक पात्रीकर अतिथि होंगे। यह बातें हिन्दू जनजागृति समिति के छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र संगठक सुनील घनवट ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक आशीष शर्मा(अधिवक्ता), कमल बिस्वाल, राष्ट्रीय प्रशिक्षक निरंजन भैय्या, सुदीप अग्रवाल, संजय साहू व संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

चर्चा में हिन्दू जन जागृति समिति के छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र संगठक सुनील घनवट ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यौरो के रिपोर्ट के अनुसार देशभर में पिछ्ले तीन वर्षों में 10लाख से अधिक लड़कियां लापता हुई है।

यह आंकड़ा समाज के लिए काफी चिंताजनक है। इसलिए युवक-युवतियों एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस और व्यवहारिक कदम उठाना समय की मांग है। शौर्य जागृति शिविर में समाज में घटित होने वाली विभिन्न आपात एवं कठिन परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा कैसे की जाए? इसे लेकर युवक-युवतियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। श्री घनवट ने बताया कि हिन्दू जन जागृति समिति की स्थापना 2002 में हुई थी। संस्था द्वारा अब तक कई शिविर लगाए जा चुके है। शौर्य जागृति शिविर में केवल शारीरिक प्रशिक्षण नही दिया जाएगा, बल्कि युवाओं को कराटे, नानचाकू, लाठी-काठी एवं अन्य सुरक्षा कला का प्रशिक्षण देकर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा।

## राज्य महिला आयोग की जनसुनवाई में महिला उत्पीड़न के 35 प्रकरणों पर हुई सुनवाई

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रेरणा सभा कक्ष बालगृह परिसर महिला एवं बाल विकास कार्यालय दुर्ग में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों पर जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रभारी सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी एवं सह प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहीं। आज की जनसुनवाई जिले के कुल 35 प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका की अनुपस्थिति के कारण मामला शीघ्र सुनवाई हेतु रायपुर स्थानांतरित किया गया। वहीं एक अन्य प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए गए मामले को आयोग में सुनवाई के निर्देश प्राप्त होने के बाद पुनः सुनवाई की गई, जिसमें पुलिस जांच दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। उक्त प्रकरण की अगली सुनवाई 11 फरवरी 2026 को रायपुर में निर्धारित की गई है। पति-पत्नी विवाद से जुड़े एक गंभीर मामले में अवैध संबंधों के आरोप सामने आए। आयोग द्वारा समझाइश के बाद पति ने पत्नी और पुत्र के समक्ष माफी मांगी। दोनों पक्षों को साथ रहने का अवसर दिया गया, जिसकी निगरानी सखी केंद्र द्वारा की जाएगी।एक अन्य प्रकरण में शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत वापस लेने तथा संबंधित व्यक्तियों की मृत्यु हो जाने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। वहीं पारिवारिक संपत्ति विवाद के एक मामले में आयोग की टीम द्वारा मौके पर जाकर आवेदिका को भूमि का कब्जा दिलाने और सुलहनामा कराने का निर्णय लिया गया। न्यायालय में लंबित प्रकरणों को आयोग द्वारा नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य मामले में जनहित की शिकायत पर दर्ज एफआईआर को लेकर अनावेदक को एक माह में एफआईआर वापस लेने के निर्देश दिए गए, जिसकी अगली सुनवाई रायपुर में होगी। संपत्ति बंटवारे से जुड़े एक प्रकरण में विधवा महिला को अपनी संपत्ति बेचने और बच्चों में समान रूप से वितरण की स्वतंत्रता दी गई, जिस पर सभी पक्ष सहमत पाए गए। जनसुनवाई के माध्यम से महिला आयोग ने कई मामलों में त्वरित समाधान, सुलह एवं महिला हित में निर्णय देकर राहत प्रदान की।

# जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोकथाम सुनिशिचत करने हेतु अभियान चलाकर कराया जा रहा है किसानों का शेष रकबे का समर्पण

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर धान बिक्री के उपरांत किसानों से शेष रकबे का समर्पण कराया जा रहा है। जिससे कि जिले में वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित करने के साथ-साथ कोचियों एवं व्यापारियों के माध्यम से धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में अभियान चलाकर धान बिक्री के उपरांत किसानों के शेष रकबे का समर्पण कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की पहल पर बालोद जिले में अब तक 01 लाख 01 हजार 121 किसानों ने धान बिक्री के उपरांत अपने शेष बचे 10 हजार 747 हेक्टेयर से अधिक रकबे का समर्पण कराया है। इसके अंतर्गत ग्राम सुरेगांव निवासी एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती जयश्री देशमुख के साथ आज धान खरीदी केन्द्र सुरेगांव में पहुँचकर रकबा समर्पण किया। इस दौरान श्री चेमन देशमुख ने धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए 0.72 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया। इसी तरह उनकी धर्मपत्नी श्रीमती जयश्री देशमुख ने भी धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए 0.67 रकबे का समर्पण किया। इस दौरान श्री चेमन देशमुख ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत रकबा समर्पण के लाभ एवं उद्देश्यों के संबंध में भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर धान की खरीदी सुनिश्चित करने तथा धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु धान बिक्री के उपरांत शेष रकबे का समर्पण करना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि किसी भी प्रकार की अवैध धान की खरीदी एवं बिक्री न हो सके। इस अवसर पर श्री देशमुख ने रकबा समर्पण हेतु शेष रह गए जिले के सभी कृषकों से धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए रकबे का अनिवार्य रूप से समर्पण कराने को कहा। जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री चेमन देशमुख के अलावा आज बालोद जिले के 04 हजार 789 कृषकों ने भी धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान बिक्री के उपरांत शेष रकबे का समर्पण कराया। इसके अंतर्गत आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र सुरेगांव में ग्राम तेलीटोला के कृषक श्री दिलेश्वर साहू ने 0.34 हेक्टेयर, ग्राम मनकी के कृषक श्री आत्माराम ने 2.57 हेक्टेयर, ग्राम शिकारी टोला के कृषक हेमनाथ साहू ने 0.75 हेक्टेयर एवं ग्राम मनकी निवासी श्रीमती पार्वती साहू ने धान बिक्री के उपरांत शेष रह गए 0.37 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया।

# दुर्ग में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर नवाचार और उद्यमिता का जश्न

### स्कूल और कॉलेज के छात्रों और स्टार्टअप्स ने दिखाया उत्साह

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** आज राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर दुर्ग में उत्साह और नवाचार का एक अनूठा संगम देखने को मिला। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री द्वारा 16 जनवरी 2016 को 'स्टार्टअप इंडिया' पहल का शुभारंभ किया गया था। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत को 'नौकरी के आकांक्षी' के बजाय 'रोजगार सृजक' राष्ट्र में बदलना और निवेश आधारित विकास को सक्षम बनाना है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए आज दुर्ग में भी भव्य आयोजन किया गया।

**जिला इनक्यूबेशन हब में हुआ आयोजन :** इस विशेष दिवस का आयोजन जिला इनक्यूबेशन हब, दुर्ग में टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में आयोजित कार्यशाला और 'उद्योग संपर्क एवं खुला संवाद सत्र' (इंडस्ट्री कनेक्ट और ओपन डायलॉग सेशन) में सफल उद्यमियों ने स्टार्टअप्स को नवाचार, रोजगार सृजन और स्थानीय आर्थिक विकास का सबसे प्रभावी माध्यम बताया।



प्रमुख वक्ता और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन : समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विद्यार्थियों व स्टार्टअप्स के साथ सीधा संवाद किया। प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे। प्रो. सत्यजीत मजूमदार डायरेक्टर, टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन, श्री विनय जाजू एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, स्विचऑन फाउंडेशन (असोसिएट, जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी), श्री एस.के. सिंह महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (डीटीआईसी) दुर्ग, श्री आशीष वर्मा प्रबंधक, आईजीकेवी इन विशेषज्ञों ने युवाओं को रिस्क लेने, नवाचार करने और बाजार की जरूरतों को समझने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में भिलाई और रायपुर के विभिन्न इनक्यूबेशन सेंटर्स, टेक्नोलॉजी और पीजी कॉलेजों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। विशेष रूप से श्री शंकराचार्य विद्यालय के स्कूली छात्रों की उपस्थिति और उनकी जिज्ञासा ने सभी का ध्यान खींचा। स्कूली स्तर पर ही उद्यमिता के प्रति यह रुझान भविष्य के लिए एक शुभ संकेत है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर दो दिवसीय विशेष स्टार्टअप प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्थानीय नवाचारों की झलक देखने को मिली। नागरिकों और विद्यार्थियों ने इन स्टॉल्स पर खासी रुचि दिखाई। शुद्ध शहद उत्पाद, जूट से बने पर्यावरण अनुकूल बैग, प्राकृतिक हेयर ऑयल, हस्तनिर्मित मोमबत्तियां, कृषि एवं तकनीक आधारित स्टार्टअप्स के उत्पाद मुख्य आकर्षण रहे। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर दुर्ग में आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि क्षेत्र में पनप रही उद्यमशीलता की संस्कृति का प्रमाण है। टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन और जिला प्रशासन के प्रयासों से स्थानीय युवाओं को एक मंच मिला है। स्कूली बच्चों से लेकर कॉलेज के छात्रों और सफल उद्यमियों का एक साथ आना यह दर्शाता है कि दुर्ग अब पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यह आयोजन निश्चित रूप से युवाओं को नौकरी मांगने के बजाय अपनी शर्तों पर रोजगार पैदा करने और देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।


## //आम सूचना//

जारी दिनांक 13.01.2026

एतद द्वारा सर्व साधारम को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभराम होम्स प्रायवेट लिमिटेड भागीदारी संतोष लोहाना पिता स्व. अशोक लोहाना निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम छछानपैरी पहनं. 11 राजस्व निरीक्षक मंडल केंद्री स्थित भूमि खसरा नंबर 669/5, 684/8, 699/2 रकबा क्रमशः 0.3850, 0.0200, 0.2990 हे. भूमि का न्यायालय तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक 01.01.2026 के परिपालन में दिनांक 28.01.2026 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 11 के खिलोरा स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**केन्द्री, तहसील- अभनपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय नगर पंचायत तुमगांव जिला-महासमुंद (छ.ग.)

पत्र क्र/ 2934/ राजस्व/ न.प./2025-26 तुमगांव दिनांक 16.01.2026

### // संयुक्त ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसंधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तुमगांव सीमा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र-01 में श्री अम्पेश कुमार पिता श्री सचित सिंह का दुकान क्र.-05 को श्रीमती मीना बाई साहू पति डीहूराम साहू के द्वारा क्रय किया गया है जिसका दुकान का नामांतरण कार्य नगर पंचायत तुमगांव में किया जाना है। तदानुसार जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वैध दस्तावेज सहित प्रकाशन दिनांक 15.02.2026 तक नगर पंचायत तुमगांव के कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

दुकान का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | हस्तांतरण कर्ता का नाम एवं पता | हस्तांतरित का नाम एवं पता |
|---|---|---|
| 1 | श्री अम्पेश कुमार पिता श्री सचित सिंह निवासी वार्ड क्र.-01 तुमगांव जिला महासमुंद (छ.ग.) | श्रीमती मीना बाई साहू पति श्री डीहूराम साहू वार्ड क्र-07 तुमगांव जिला-महासमुंद (छ.ग.) |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत तुमगांव**

## न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

### //ईश्तहार//

ग्राम नवागांव (क) प.ह.नं. 03
रा.प्र.क. 202510114700076/अ-6/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/केता कृष्ण पिता श्री सदऊ राम निवासी हाउस नं0 31/ के. नवागांव 2 पो. कठिया तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ0ग0 द्वारा ग्राम नवागांव प0ह0नं0 03 रा0नि0म0 तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 226 रकबा 0.130 हे. भूमि को आवेदक/केता द्वारा अनावेदक / विक्रेता लखनलाल पिता श्री नैनदास से पंजीकृत विक्रय विलेख पत्र दिनांक 11/03/2025 के माध्यम से कय किया गया। पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11/03/2025 के आधार पर नामांतरण हेतु भुईया सी.टी. 202526440333600003 में प्राप्त हुआ। साक्ष्य का विषय होने एवं हल्का पटवारी से विस्तृत जांच प्रतिवेदन लिये जाने हेतु प्रकरण न्यायालय में हस्तांतरित किया गया। तत्संबंध में राजस्व प्रकरण न्यायालय विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दाबा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 23/01/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 12/01/2026 को जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

## न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

### //ईश्तहार//

ग्राम खोला प.ह.नं. 10
रा.प्र.क्र. 20260111470034/अ-6/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **सुनीता बघेल पिता स्व. श्री चंदनलाल बघेल निवासी ग्राम खोला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम खोला प.ह.नं. 10 रा.नि.म पिपरौद तहसील गोबरा नवापारा स्थित खसरा नं. 699, 700, 719, 720/1 रकबा 0.11, 0.12, 027, 0.18 हे. कुल रकबा 0.68 हे.** भूमि राजस्व अभिलेख में **चंदन पिता पुन्नीराम चंदेदास वगैर** के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार चंदन पिता पुन्नीत्ताम चंदेदास की मृत्यु **दिनांक 13/02/2024** को हो चुकी है, जिसके विधिक **वारिसान पत्नी-सुनीता-बघेल, पुत्र क्रमशः डोईश बघेल, लोईश बघेल** है। उक्त के अलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि से मृतक सहखातेदार का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए शेष खातेदार का नाम यथावत किये जाने बाबत् आवेदन ऑनलाईन आर.डी. 202526440338900004 में पेश किया गया है। साक्ष्य का विषय होने के कारण प्रकरण न्यायालय में हस्तांतरित किया गया। तत्संबंध में राजस्व प्रकरण न्यायालय विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवदेन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत **पेशी तारीख 29/01/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है. नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से **आज दिनाक 13/01/2026** को जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

## केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

### चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **09/02/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **श्रीमती नेहा देवांगन पत्नि चंदन देवांगन** मठपारा दुर्गा चौक, किराना स्टोर के पीछे, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 सहऋणीः **श्री चंदन देवांगन पुत्र भोलाराम देवांगन** | मकान क्रमांक RPR567C00738, खसरा क्रमांक 178/46, गणपति नगर, मौजा चंगोराभाठा, खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 67, पीएच नं. 59, आरआईसी रायपुर-1, तह. और जिला रायपुर (छ.ग.) **क्षेत्रफलः 935 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः** उत्तर-संतराम साहू का मकान, दक्षिण- देवनारायण साहू का मकान, पूर्व-सड़क, पश्चिम-मीरा बाई की जमीन **Baanknet Property ID: CNRB308278063** **Co-ordinates: 21.13203, 81.36070** सांकेतिक कब्जा | 29/07/2024 / 09/10/2024 / दि. 16/01/2026 को ₹ 32,07,654.94/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 25,50,000/- / ₹ 2,55,000/- / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 08/02/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 09/02/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 16-01-2026, स्थान : भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## न्यूज ब्रीफ

### धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक करने किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी करने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस बार धान खरीदी के नाम पर शुरू से ही समितियों में अव्यवस्था का आलम रहा। जिसके कारण किसान प्रताड़ित होते रहे हैं, कभी भौतिक सत्यापन के नाम पर तो कभी लिमिट के नाम पर, स्थिति यह है कि धान खरीदी के लिए मात्र 15 दिन का समय शेष है और अभी तक केवल 60 प्रतिशत खरीदी हो पाई है। ऐसे में किसान अपना उपज नहीं भेज पाएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शासन प्रशासन ने कभी भी किसानों की धान बेचने के लिए समस्याओं के प्रति ध्यान नहीं दिया जिसके कारण किसान भटकते रहे हैं। यदि धान बेचने की तिथि और लिमिट नहीं बढ़ाया जाता है तो किसान संघ द्वारा आंदोलन करने बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कुबेर गिरी गोस्वामी, पिथौरा तहसील अध्यक्ष युवराज साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रमुख मायाराम साहू, मंत्री धनंजय साहू, जिला उपाध्यक्ष बृजलाल साहू, राजेंद्र वैष्णव, सुरेंद्र सिंह ध्रुव, मोती पांडे ,सुलभ कुमार यादव समेत अनेक सदस्य मौजूद थे।

### महिला लेखापाल पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 21 तक

**महासमुन्द।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा के अनुमोदन पश्चात् जिले के तीन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में महिला लेखापाल के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंतत्र किए गए है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि समग्र शिक्षा अंतर्गत जिन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में महिला लेखापाल की नियुक्ति की जानी है, उनमें बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत सुनसुनिया, पिथौरा अंतर्गत लाखागढ़ एवं बसना विकासखण्ड अंतर्गत बंसुला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑफलाइन रखी गई है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संबंधित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। उक्त पद से संबंधित न्यूनतम अर्हताएंए नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं।

### खल्लारी विस क्षेत्र में वन विभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री द्वारिकाधीश यादव द्वारा वन विभाग पिथौरा के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। ग्राम कसहीबाहरा, विकासखंड पिथौरा निवासी श्री युगल किशोर यादव को यह दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति से वन विभाग से जुड़ी जनसमस्याओं के समाधान एवं विभागीय कार्यों में समन्वय को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर पवन साहू, आकाश मोहंती, प्रफुल्ल राजपूत, मिंकू अजमानी, कमल साहू, ओमप्रकाश चक्रधारी, हराधन साहू, यशवंत पटेल, श्याम यादव, ईश्वर सिंह ध्रुव, अमर सिंह ठाकुर, डेरहाराम, महेश्वर पटेल, देव सिंह, डालेश्वर पटेल, पीलू सेन, देवराज ध्रुव, लता ठाकुर, मधु साहू, संगीता दीवान, पप्पू साहू एवं गिरीराज नेताम उपस्थित रहे।

### सिंधू कुंभ महोत्सव 18 से 20 तक

**महासमुंद।** स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित जय साँई की सत्संग भवन में षष्ठम् स्थापना वर्ष के अवसर पर तीन दिवसीय सिंधू कुम्भ महोत्सव का आयोजन 18, 19 एवं 20 जनवरी को भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में किया जाएगा। यह आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रद्धा, सत्संग, सेवा एवं सिमरन के भाव के साथ मनाया जाएगा। इस पावन महोत्सव का आयोजन श्री श्री 108 श्री महंतस्वामी नारायणदास जी उदासीन के आशीर्वाद से तथा महंत स्वामी अर्जनदास, एन उदासीन, पीठाधीश्वर अमर धाम आश्रम के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं, इष्ट मित्रों एवं सहपरिवार नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संतों का सानिध्य एवं गुरुकृपा प्राप्त करने का आग्रह किया है।18 जनवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक महोत्सव का श्रीगणेश, सत्संग.कीर्तन एवं श्री सिद्धांतसागर सद्ग्रंथ के अखण्ड पाठ साहिब का शुभारंभ होगा। सायं 5 से 8 बजे तक मंत्रोच्चारण के साथ शिखर ध्वज वंदना एवं भजन.कीर्तन का आयोजन संत स्वरूपदास रीवां द्वारा किया जाएगा।19 जनवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक भजन.कीर्तन, अखण्ड पाठ का श्री भोग साहिब, आरती.प्रार्थना उपरांत पुनः अखण्ड पाठ का प्रारंभ होगा। सायं 6 से 8 बजे तक संगीतमय सत्संगए,भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 20 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 से 1 बजे तक सत्संग, भजन.कीर्तन एवं अखण्ड पाठ का श्री भोग साहिब संपन्न होगा।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से रोगों से मिलती है मुक्ति : पंकज तिवारी

### भगवान त्रंबकेश्वर गौ हत्या के पाप से देते हैं मुक्ति

समवेत शिखर संवाददाता





**महासमुंद।** स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में चल रहे शिव महापुराण कथा में आचार्य पं पंकज तिवारी ने द्वादश ज्योतिर्लिंगों कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान शिव ऐसे देव हैं जो सांसारिक सुख देते हुए अंत में मोक्ष प्रदान करते हैं। जो प्राणी भगवान शिव के द्वादश नाम का सुबह शाम जाप करता है, उनके सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।

उन्होंने सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, बैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, नागेश्वर नाथ, काशी विश्वनाथ, त्रंबकेश्वर, केदारनाथ, घृष्णेश्वर नाथ महादेव के प्रकट होने की कथा का बखान करते हुए कहा कि राजा दक्ष ने जब चंद्रमा को क्षय होने का श्राप दिया तोए रोग निवारण के लिए चंद्रमा ने सौराष्ट्र में जाकर भगवान शिव की तपस्या की। तपस्या से शिव प्रकट हुए और उनके रोग का निवारण किया। चंद्रमा के निवेदन पर भगवान शिव सोमनाथ के रूप में सौराष्ट्र में ही विराजित हो गए वहां बने सोम कुंड में स्नान करने और भगवान सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन, पूजन करने से सभी प्रकार के रोग से प्राणी मुक्त हो जाता है। उन्होंने सभी ज्योतिर्लिंग कथा का विस्तार से बखान करते हुए कहा कि प्राणी अपने जीवन में कल्याण करना चाहते हैं तो उन्हें इन ज्योति स्वरूप भगवान शिव के दर्शन अवश्य करना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि जलाशयों में देवताओं का वास रहता है जब भी किसी नगर में देवता का आगमन होता है तो सबसे पहले जलाशय में जाते हैं इसलिए जल कलश यात्रा निकालकर निमंत्रित देवताओं को लाया जाता है उन्होंने नगर में चल रहे अविरल सितली निर्मल शीतली के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जलाशयों, नदी, नालों का संरक्षण किया जाना चाहिए। इसमें किए गए कार्य, सहयोग यज्ञ समान पुण्यकारी होता है। महाराज जी ने द्वादश ज्योतिर्लिंग प्रसंग में त्रंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग का बखान करते हुए कहा कि इस ज्योतिर्लिंग में तीन देवताओं का वास है और इसके दर्शन मात्र से ही ब्रह् हत्या, गौ हत्या जैसे पाप भी नष्ट हो जाते हैं। गौतम ऋषि को जब गौ हत्या का दोष लगा तो पंडितों ने उनसे कहा कि वह एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करें और गंगा में स्नान करने के बाद ही उन्हें इस पाप कर्म से मुक्ति मिलेगी। पंडितों के सुझाव के बाद ऋषि गौतम ने नित्यप्रति पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन करने लगे। जैसे ही एक करोड़ पूजन हुआ। भगवान शिव स्वयं प्रकट होकर वरदान मांगने कहा। इस पर उन्होंने जनकल्याण के भाव से भगवान शिवजी को यही विराजमान होने का निवेदन किया। भगवान शिव वहां ब्रह्मा, विष्णु समेत विराजमान होकर लोगों के कष्ट हर रहे हैं। इसके पूर्व महाराज जी ने गोपेश्वर महादेव के माध्यम से भगवान कृष्ण के रासए महारास की कथा बताते हुए कहा कि प्रेम का वास्तविक अर्थ त्याग हैए लेकिन लोग प्रेम के बदले प्रेम करते हैं यह एक तरह का व्यापार है। माता.पिता और गुरु का प्रेम सौहार्द भरा रहता हैए उसमें किसी प्रकार स्वार्थ नहीं रहता। महारास के बीच जब गोपियों को अहंकार हुआ तो भगवान कृष्ण उनसे दूर चले गए। तब गोपियों को उनके विरह की वेदना हुई और गोपीगीत के माध्यम से भगवान कृष्ण को प्रसन्न किया। भागवत में गोपी गीत को हृदय माना गया हैए इसी प्रकार रामायण में सुंदरकांड हृदय है। भगवान कृष्ण ने गोपियों को संदेश दिया कि जो मुझसे प्रेम करता है उससे मैं दूर चला जाता हूं इसके पीछे का रहस्य उन्होंने स्पष्ट किया कि पास रहने पर लोगों में प्रेम का अभाव होने लगता है। ठीक उसी तरह जैसे कोई परिजन बहुत दूर रहता है तो उसके प्रति लोगों का पास रहने वाले के अपेक्षा अधिक लगाव रहता है। इसी तरह भगवान भी अपने भक्तों से दूर रहकर भक्तों के हृदय में वास करना चाहते हैं। हृदय में एक बार भगवान जी का वास हो गया तो वहां से वे बाहर नहीं निकलते। प्राणियों को अपने हृदय में भगवान का वास चाहिए तो उन्हें सांसारिक मोह माया से हृदय को दूर रखना चाहिए। तभी भगवान का वास हृदय में हो सकेगा। कथा श्रवण करने पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकार भी पहुंचे थे।

# अधिवक्ता संघ के अनिल शर्मा बने 10वीं बार अध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष, सहसचिव के लिए 22 को चुनाव



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जिला अधिवक्ता संघ के अनिल शर्मा 10 वी बार अध्यक्ष बनने जा रहे है। नामांकन वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार शर्मा का सिंगल नामांकन होने से निर्विरोध निर्वाचित हो गए है।

निर्वाचन अधिकारी सुरेश चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार राजेश कुमार डडसेना ने भी अध्यक्ष के लिए नामांकन प्रस्तुत किया था लेकिन उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए तरूण जलक्षत्री, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए वंदनानंद, ग्रंथालय सचिव के लिए श्रीमती रूपम शर्मा, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के लिए कृष्ण कुमार पटेल तथा कार्यकारिणी सदस्य हेतु धनेश कुमार चंद्राकर, दुर्गेश कुमार निराला, जनकराम साहू, कुंदन चंद्राकर, राजेंद्र कुमार साहू निर्विरोध चुने गए। शेष पदों के लिए 22 जनवरी को चुनाव होगा। सचिव पद के लिए नूतन कुमार साहू, संदीप कुमार साहू, सह सचिव के लिए राजेश कुमार दीवान, राजेंद्र सिंह बांसवार, श्रीमती सुमित्रा वस्त्रकार, कोषाध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश साहू, शिवकुमार भारद्वाज, कार्यकारिणी सदस्य महिला हेतु श्रीमती गिरिजा साहू व झामिन निषाद के बीच मुकाबला होगा।

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण के लिए आवेदन 17 तक

**महासमुंद।** जिले के ग्रामीण युवकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा निःशुल्क 30 दिवसीय मोबाईल रिपेयरिंग प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। निदेशक बैंक ऑफबड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 17 जनवरी तक पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के लिए बीपीएल राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 4 फोटो एवं न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण अंकसूची आवश्यक है। पंजीयन एवं प्रशिक्षण की जानकारी के लिए कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997.00673, अक्षय सिंग राजपूत के मोबाईल नम्बर 83194.62874 एवं राजू निर्मलकर के मोबाईल नंबर 91310.65767 पर सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक संपर्क कर सकते है।

# महिलाएं अब फैशन जोन से बाजार में प्रतिस्पर्धी के रूप में बना रहीं पहचान

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** महिला समूह परम्परागत व्यवसाय से उठकर अब बाजार आधारित मांग के अनुरूप अपना व्यवसाय का चयन कर रही है और बाजर में एक सशक्त प्रतिस्पर्धी के रूप में खुद की पहचान बना रही है। शुरूआती दिनों में महिला सदस्य घर से जुड़े व्यवसाय जैसे बड़ी, पापड़, आचार बनाकर विक्रय करती थी।

लेकिन आज बदलते दौर में बाजार में बने रहने के लिए बाजार के मांग के अनुरूप उत्पाद का चयन करना आवश्यक हो गया है। जिला प्रशासन और बिहान के मार्गदर्शन से बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत खल्लारी क्लस्टर के भीमखोज में जय मां शीतला महिला समूह की सदस्य पद्मा साहू ने रेडिमेड कपड़े की दुकान फैशन जोन खोलकर बाजार में सीधे प्रवेश की है। आज उनका फैशन जोन दुकान केवल एक रेडीमेड कपड़ा दुकान नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सफलता का सशक्त उदाहरण बन चुका है। अभी प्रतिदिन लगभग 4 से 5 हजार रुपए का विक्रय हो रहा है। भीमखोज के मुख्य सड़क में एक साज.सज्जा सहित फैशन जोन का शो रूम दिखाई देता है। जिनका संचालन महिला सदस्य पद्मा साहू कर रही है। दुकान में आधुनिक रेडीमेड परिधान के साथ.साथ साड़ी, फैंसी आइटम एवं कॉस्मेटिक सामग्री भी उपलब्ध है। सुसज्जित और व्यवस्थित दुकान किसी शो.रूम से कम नहीं दिखती, जिससे ग्राहकों का भरोसा लगातार बड़ रहा है। इस सफलता के पीछे बिहान योजना और आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला प्रशासन की अहम भूमिका रही है। पद्मा साहू को बिहान से समूह के रूप में 1 लाख रुपये तथा बाद में 60 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। व्यवसाय की शुरुआत उन्होंने 1.50 लाख रुपए के ऋण से की। समय पर ऋण चुकाने के बाद उन्होंने व्यवसाय विस्तार के लिए 3 लाख रुपये का ऋण लिया, जिससे कारोबार और मजबूत हुआ। वर्तमान में उनकी दुकान से प्रतिदिन लगभग 5 हजार रुपए तक की बिक्री हो रही है। इस पूरे सफर में परिवार का निरंतर सहयोग उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। हाल ही में यह दुकान आजीविका दुकान के अंतर्गत संचालित की जा रही है। श्रीमती पद्मा साहू ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे अपनी खुद की इतनी अच्छी दुकान चला पाएगी। उन्होंने बताया कि बिहान योजना और आजीविका मिशन से मिली सहायता ने मुझे आगे बढ़ने का हौसला दिया। शुरुआत में डर था, लेकिन परिवार और समूह की दीदियों के सहयोग से आत्मविश्वास बढ़ा। आज मैं दुकान की मदद से अपनी आजीविका के साथ अपने बच्चों और परिवार के भविष्य को भी बेहतर बना पा रही हूं। मैं चाहती हूं कि हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो और आजीविका मजबूत हो।

### कॉलेज में हुआ सामूहिक वंदे मातरम गायन



**महासमुंद।** देशभक्ति की भावना को प्रबल करने तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश जन.जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा में प्राचार्य डॉ अमृत लाल पटेल के निर्देशन एवं संयोजक अंकित भोई के कुशल संयोजन में वंदे भारत सामूहिक गायन कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और गर्व के साथ वंदे भारत गीत का गायन किया। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वंदे भारत जैसे गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में समस्त विद्यार्थियों की प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी रही। सामूहिक गायन के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था प्रमुख ने राष्ट्रगीत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा, राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अंकिता प्रधान ने वन्दे मातरम गीत का संदेश वाचन किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगीत गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सांस्कृतिक साहित्यिक प्रभारी अंकित भोई ने किया।

# क्या साय सरकार में किसान हो गए चोर : अंकित

### किसानों को मानहानि का मुकदमा कर देना चाहिए खरीदी को मात्र 14 दिन शेष

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** काँग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने बताया महासमुंद जिले के बागबाहरा ब्लॉक और लगभग जिले में भी कल से लगभग 40 प्रतिशत किसानों का धान बिक्री के लिए बचा है । पहले एग्री स्टेक पंजीयन,फिर सोसाइटी में पंजीयन फिर टोकन काटने की समस्या से जूझने के बाद अब भाजपा के नए तुगलकी फरमान के बाद किसान अब अपने को ठगा महसूस कर रहा है ।

अंकित ने बताया कि किसानों का टोकन बंद कर दिया गया है जबकि जिले में 40 प्रतिशत किसानों का धान बिक्री हेतु शेष है । ऑनलाइन टोकन बंद होने के बाद जब किसान टोकन कटवाने धान समिति केंद्र पहुच रहे तो उन्हें कहा जा रहा कि आप आवेदन देदो उसका भौतिक सत्यापन होगा याने अब इस भाजपा सरकार में किसान चोर हो गए हैं । षड्यंत्र कारी हैं, स्मगलर हैं ।



वर्तमान भाजपा सरकार को कोल चोरी, रेत चोरी, उसका माफियागिरी, प्रदेश के बढ़ते अपराध,गाँव गाँव मे बिक्री हो रही शराब की अवैध बिक्री,जुंवा, सट्टा,दिखाई नही दे रहा पर किसान के खून पसीने से उगायी गई फसल में गड़बड़ी दिख रही है,उसे लग रहा है कि किसान चोरी करके धान लाया है तो पहले उसमें घर का उसके खलिहान,बयारे को जांचने आएगा मतलब किसानों के चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं ।

अंकित ने कहा कि किसानों को चाहिए कि सरकार के इस कदम के खिलाफ और उनके हो रहे चरित्र हनन के खिलाफ मान हानि का दावा कर देना चाहिए ।

भाजपा सरकार का ये अंतिम अस्त्र है ,पहले टोकन नही काटा,फिर रकबा कम किया, कई किसानों का जबरदस्ती रकबा समर्पण करवाया और अब टोकन बैन करना ताकि कम से कम धान खरीदना पड़े। अंकित ने चेताया कि अगर धान खरीदी की लिमिट और तारीख नही बढी और किसानों का धान नही खरीदा गया तो सरकार इस अन्याय के खिलाफ आन्दोलन के।लिये तैयार रहे।

# राजिम मेले की तैयारी में भ्रष्टाचार की बू : आप

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** राजिम मेले कल्प कुंभ की तैयारी में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सचिव संतोष चन्द्राकर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इस सरकार में किस तरह खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है वह हम सब देख रहे है।

बालोद के जम्बूरी आयोजन में जिस तरह की अनियमितता बरती गयी थी बिना टेंडर हुए वंहा अपने करीबियों को टेंडर दे दिया गया था। जबकि बड़े आयोजनों के लिए टेंडर प्रक्रिया लगभग 30 दिन की समयावधि में करनी पड़ती है लेकिन कार्यक्रम शुरू होने से 6 दिन पूर्व तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नही की गई व अपने चहेतो को काम आबंटित कर दिया गया। उसी तरह से राजिम मेले के आयोजन में 3 जनवरी को टेंडर अपलोड हुए व 10 जनवरी तक टेंडर प्रक्रिया जल्दबाजी में पूरी कर ली गयी। केवल सात दिनो में इन्होंने 7 करोड़ के टेंडर अपने करीबियों को देने के लिए यह औपचारिकता पूरी कर रहे है जबकि इनके ही नियम के अनुसार टेंडर की प्रक्रिया कुछ और है इस पर हमें पूरी तरह से एक बड़े भ्रष्टाचार की संभावना का संदेह है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से अंजाम दिया जा रहा है इस पूरी प्रक्रिया में गरियाबंद कलेक्टर व संस्कृति विभाग की संलिप्तता नजर आ रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने कहा है कि राजिम मेले जैसे पुनीत कार्य पर भी भाजपा कमीशन खाना चाहती है हम ऐसा होने नही देंगे इस पूरी गड़बड़ी की जांच होनी चाहिए आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि गरियाबंद कलेक्टर व संस्कृति विभाग के मुख्य अधिकारी के ऊपर भी उच्च स्तरीय जांच बैठनी चाहिये सरकार अगर इस मामले में संज्ञान नही लेती है तो आम आदमी पार्टी इस मामले में उग्र आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस मामले के संबंध में संतोष चन्द्राकर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी आगामी मंगलवार को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल के नेतृत्व में गरियाबंद जिले में प्रेसवार्ता कर इस पूरी प्रक्रिया में हुई धांधली को सिलसिले वार उजागर करेगी।

# कलेक्टर ने मगरलोड के स्कूलों का किया निरीक्षण

### बोर्ड परीक्षा तैयारी को लेकर विद्यार्थियों से संवाद, शिक्षकों को दिए ठोस दिशा-निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज मगरलोड विकासखंड के प्रवास के दौरान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड एवं माध्यमिक शाला लुगे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर संवाद किया और उन्हें परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, पाठ्यक्रम की गहन समझ एवं आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपनी मेहनत और ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर मानें। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिए कि

प्रतिदिन निर्धारित समय-सारिणी बनाकर अध्ययन करें, कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दें, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करें, पर्याप्त विश्राम और सकारात्मक सोच बनाए रखें।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी चर्चा की। एक छात्र द्वारा स्वयं को उन्नत किसान बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त होने और अन्य लोगों को रोजगार देने की इच्छा व्यक्त करने पर कलेक्टर ने उसकी सोच की सराहना की और सभी विद्यार्थियों से तालियां बजवाकर उसका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सपष्ट लक्ष्य और कड़ी मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।इसके पश्चात कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद स्कूल भैंसमुंडी के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक लेकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शिक्षकों की प्रतिबद्धता, समन्वय और सतत मार्गदर्शन पर निर्भर करता है।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि होनहार विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं रिवीजन कक्षाएं संचालित की जाएं, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं एवं व्यक्तिगत ध्यान दिया जाए, नियमित टेस्ट एवं मूल्यांकन के माध्यम से छात्रों की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं होगा, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही एलुमिनी मीट को प्रभावी ढंग से आयोजित कर पूर्व छात्रों के अनुभवों का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बीईओ श्री मनीष ध्रुव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अंत में शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को केवल परीक्षा उत्तीर्ण कराने तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अनुशासित, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी कार्य करें।

# कलेक्टर ने की धान खरीदी की संयुक्त समीक्षा

### पारदर्शिता, सख्त निगरानी और किसान हित सर्वोपरि : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज प्रातः कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की निगरानी हेतु गठित दलों के अधिकारियों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्रविअ), पटवारी तथा समिति प्रबंधकों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य धान उपार्जन कार्य को पूर्णतः पारदर्शी, सुचारु एवं किसान हितैषी ढंग से संपादित करना रहा।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल वास्तविक कृषकों से ही धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बिचौलियों एवं कोचियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा अवैध रूप से धान बेचने या खरीदी में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा की जा रही धान खरीदी अब अपने अंतिम चरण में है, अतः इस अवधि में विशेष सतर्कता एवं प्रभावी निगरानी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर किसानों का शत-प्रतिशत भौतिक एवं दस्तावेजी सत्यापन करने के निर्देश दिए। शासन की मंशा के अनुरूप जिले के सभी पात्र किसानों से धान खरीदी की जानी है तथा अपात्र अथवा फर्जी प्रविष्टियों पर नजर रख तत्काल कार्रवाई की जाए । बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देहारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री पीयूष तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज मरकाम एवं श्रीमती कल्पना धूर्व, उप संचालक कृषि श्री मोनेश साहू, खाद्य अधिकारी श्री बसंत कोर्राम सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होंने निर्देशित किया कि सत्यापन के दौरान किसानों को यह स्पष्ट जानकारी दी जाए कि केवल उनकी वास्तविक फसल की ही खरीदी की जाएगी तथा अतिरिक्त अथवा अवास्तविक रकबे का समर्पण अनिवार्य होगा। साथ ही, अन्य राज्यों अथवा जिलों से धान लाए जाने की संभावना को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच एवं चौकसी बरतने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिन किसानों के टोकन जारी किए जा चुके हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन किया जाए ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

उन्होंने समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए कि तौल, परिवहन, भंडारण एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों में पूर्ण सावधानी बरती जाए।

# रेत कला, शोभायात्रा और लोक-संस्कृति से सजा राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव

## कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं टंकराम वर्मा के नेतृत्व में हुआ राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव का शंखनाद

समवेत शिखर संवाददाता



**आरंग।** त्याग, बलिदान और धर्मपरायणता के प्रतीक महान राजा मोरध्वज की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय राजा मोरध्वज आरंग महोत्सवङ्क2026 का प्रथम दिवस गुरुवार को आस्था, इतिहास और लोक-संस्कृति के अनुपम संगम के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। सुबह से देर रात तक चले विविध आयोजनों ने ऐतिहासिक नगरी आरंग को उत्सवमय वातावरण में सराबोर कर दिया। राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव के पहले दिन प्रातः 8 बजे कार्यक्रम स्थल पर प्रसिद्ध रेत कलाकार हेमचंद साहू द्वारा राजा मोरध्वज की त्याग गाथा को दर्शाती भव्य रेत कलाकृति का निर्माण किया गया। कलाकृति ने दर्शकों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित किया और महोत्सव की थीम को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बाबा बागेश्वरनाथ एवं वेदमाता गायत्री की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा चंडी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नेताजी चौक पहुँची, जहाँ से महामाया मंदिर में जलाभिषेक उपरांत जल लेकर पुनः राजा मोरध्वज की परिक्रमा करते हुए कार्यक्रम स्थल इंडोर स्टेडियम पहुँची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।पूजा-अर्चना के साथ औपचारिक शुभारंभ शाम 4 बजे बाबा बागेश्वरनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव आयोजन क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के मार्गदर्शन और संकल्प से संपन्न हो रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सुवा नृत्य पार्टी कोसमखुटा (टोमन साहू) की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इसके पश्चात पंथी नृत्य पार्टी कुटेशर (सुभाष बंजारे) की ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इतिहास और बौद्धिक सत्र में राजा मोरध्वज के ऐतिहासिक महत्व और त्याग पर वरिष्ठ विद्वानों ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर आनंद राम साहू (पटकथा लेखक), आर.एन. विश्वकर्मा (पुरातत्वविद), एल. रायकरवार (वरिष्ठ पुराविद, संचालनालय पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग, रायपुर) तथा मुरली मनोहर देवांगन (शिक्षाविद एवं डायरेक्टर, थिंक आईएएस) ने विचार व्यक्त किए।झांकी और सम्मान समारोह बना आकर्षण इसके पश्चात स्वरांजली डांस ग्रुप, आरंग द्वारा 20 मिनट की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात लगभग एक घंटे तक राजा मोरध्वज की भव्य झांकी (भोथली) का मंचन हुआ, जिसने इतिहास को सजीव कर दिया।

राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि राजा मोरध्वज की त्याग, सत्य और धर्म की अमर गाथा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा का आधार है। आरंग की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को प्रदेश, देश और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना ही इस महोत्सव का मूल उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आरंग की अस्मिता, गौरव और विरासत को पुनः स्थापित करने का सशक्त प्रयास है, जो युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा।

महोत्सव में राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा शामिल होकर कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि यह महोत्सव आरंग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन इतिहास एवं गौरवशाली परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगी।

महोत्सव स्थल पर निर्मित रेत कलाकृतियाँ और लोक गायक सुनील सोनी का कार्यक्रम देर रात्रि तक जारी रहा।लोक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण बनी रहीं। आयोजन में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे। प्रथम दिवस के कार्यक्रमों ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि राजा मोरध्वज का त्याग और आदर्श आज भी समाज को दिशा देने की सामर्थ्य रखता है।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### माता राजिम जयंती कार्यक्रम आज



**नवापारा राजिम।** ग्रामीण साहू समाज परसदा के तत्वाधान में माता राजिम जयंती कार्यक्रम एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम 17 जनवरी को परसदा में रखा गया है. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा क्षेत्र व अध्यक्षता अशोक बजाज भाजपा कार्यालय मंत्री करेंगे. प्रमुख अतिथि धनेंद्र साहू पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं चंद्रशेखर साहू पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में देवनाथ साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण,लाला राम साहू अध्यक्ष माता राजिम भक्तिन मंदिर समिति, तुलेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ अभनपुर, गैंदलाल साहू परिक्षेत्र साहू समाज चम्पारण नवागांव, ओमकुमारी साहू अध्यक्ष नगरपालिका नवापारा राजिम, रतिराम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता,परदेशीराम साहू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, चंद्रकला ध्रुव सभापति जिला पंचायत रायपुर, चित्ररेखा दीपक तारक जनपद सदस्य अभनपुर, रमेश कुमार वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत परसदा, तारणी साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत परसदा रहेंगे।

### सर्वेश्वरी समूह द्वारा 35 महिलाओं का सम्मान



**भाटापारा।** सिद्धबाबा धौराभाठा क्षेत्र में सर्वेश्वरी समुह द्वारा 35 महिला कमांडो तथा पंच , सरपंच का कंबल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया उक्त महिला समुह के कमांडो के कारण सिद्धबाबा धौराभाठा क्षेत्र में खुलेआम शराब पीने पर पाबंदी लगी है एवं गांव की गलियों में होने वाले गुंडा गर्दी, बदमाशी जैसी घटनाओं पर रोक लगी है । कुलवंती ध्रुव , अमर ध्रुव , सहित 35 महिला सदस्यों द्वारा उक्त अवसर पर अनेक मंदिर देवी मंदिर व देवालय में झाडु का वितरण किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी , दीपक ठाकुर व संजय तिवारी सहित अनेक लोग मौजुद थे

### गौ माता को भोजन के लिए थाली वितरण किया गया



**तिल्दा नेवरा।** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश दास मिश्रा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं तिल्दा नेवरा के गौसेवक व युवा उद्योग पति घनश्याम अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश महासचिव दास जी साहू के नेतृत्व में आज पुलिस ग्राउंड तिल्दा नेवरा में शिव मंदिर के प्रांगण में तिल्दा नेवरा के पार्षद रानी सौरभ जैन ,वरिष्ठ समाज सेवी नरेंद्र शर्मा के उपस्थिति में सैकड़ों थाली का वितरण कर उपस्थित सभी आम लोगों को बताया गया कि इसी थाली से प्रतिदिन गौ माता जी को भोजन प्रसाद कराये , जूठा भोजन न कराये , गौमाता जी को भोजन कराने जमीन पर भोजन न डाले , सिर्फ और सिर्फ गौ माता जी को शुद्ध एवं ताजा भोजन हमारे संगठन के द्वारा वितरण किये जा रहे स्टील के थाल पर ही भोजन कराने का आग्रह , छत्तीसगढ़ प्रभारी , प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने किया

### अमर मंडावी ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बने



**भाटापारा।** कांग्रेस कमेटी द्वारा भाटापारा ग्रामीण अध्यक्ष पद पर अमर मंडावी को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर सुशील शर्मा , सुनिल माहेश्वरी , सतीश अग्रवाल , अमित शर्मा , गणेश ध्रुव , अजित बाजपायी , भरत वर्मा , रमाशंकर पटेल, जितु ठाकुर , मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद , राजा तिवारी , सुंदर साहू , भुनेश्वर शर्मा , आबिद खान , कमलेश साहू, कोमल साहू सहित अन्य लोगो ने बधाई दी है।

### अभिनव का चयन डूंगरपुर ट्रॉफी में



**भाटापारा।** शहर के क्रिकेट खिलाड़ी अभिनव यादव का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए किया गया है। वे छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व अंडर 14 कैटेगरी में करेंगे। प्रतिस्पर्धी टूनामेंट 15 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। जिसमें वह अपने खेल का प्रदर्शन भारत के विभिन्न राज्य से कर रहे है। छोटे शहर से अपनी कड़ी मेहनत के बल पर भाटापारा शहर से राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट टीम में चयन होना बड़े गर्व की बात है। अभिनव सियोन क्रिकेट अकादमी, भाटापारा के नियमित खिलाड़ी हैं। उनके चयन होने पर जनप्रतिनिधि शिवरतन शर्मा पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सुनील यदु सहित अन्य लोगो ने बधाई दी। अभिनव के पिता दयाराम यादव , माता नोबिता यादव, बड़े पापा ज़ैया राम यादव, कोच सुमित सिंह, ओंकार वर्मा, किशन भाट एवं एकेडमी परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अभिनव रणजी प्लेयर मयंक यादव के छोटे भाई हैं।

# इन्द्र साव शामिल हुए देवरी के कार्यक्रम में



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम देवरी स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस विधायक इन्द्र साव उपस्थित हुए इस अवसर पर उन्होने कहा कि शिक्षा के अलावा सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों में भी छात्र - छात्राओं को सक्रिय होकर भाग लेना चाहिए ताकि छात्र - छात्राओं के भीतर छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाया जा सके मंच पर प्रतिभाओ का ही मूल्यांकन होता है। उपरोक्त कार्यक्रम में हरिराम वर्मा, मोतीलाल वर्मा, खिलेन्द्र वर्मा, टेकराम घृतलहरे, पाहरूराम वर्मा, वैभव केशरवानी, रेखराम वर्मा, बृजमोहन वर्मा, जीवनलाल वर्मा, मनोहर वर्मा, शत्रुहन दास रात्रे, दीवाकर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समर्थन में सरपंच सचिव एवं कर्मचारी एकजुट

समवेत शिखर संवाददाता



**छुरा।**जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी के विरुद्ध जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी द्वारा लगाए गए आरोपों के विरोध में सरपंच संघ सचिव संघ एवं जनपद कर्मचारी संघ खुलकर सामने आ गए हैं सभी संगठनों ने एक स्वर में उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोपी को निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है संयुक्त रूप से जारी बयान में सरपंच सचिव तथा कर्मचारी संघ ने कहा है कि जनपद उपाध्यक्ष द्वारा सार्वजनिक मंचों व सोशल मीडिया पर की गई बयान बाजी में अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है जिसकी वह कड़ी निंदा करते हैं संगठनों ने स्पष्ट किया है कि को चंद्रवंशी जन प्रतिनिधि एवं कर्मचारियों के साथ सम्मान व्यवहार किया जाता है सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्नालाल धुव उपाध्यक्ष के बयान को अनैतिक भ्रामक करार देते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर जारी सरपंचों के साथ आंदोलन करने की बात पूरी तरह असत्य है इसी तरह सचिव संघ द्वारा पूरा ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सोनकर ने उपाध्यक्ष के व्यवहार पर गंभीर सवालउठाते हुए कहां है कि कर्मचारियों पर बिना तथ्य जाने दो और अपमानजनक व्यवहार करना उनके आचरण का हिस्सा बन गया है अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वही को चंद्रवंशी ने अपने प्रतिक्रिया पर कहां है कि जनपद उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियम एवं तथ्य हैं उन्होंने स्पष्ट किया कि खर्च की गई प्रत्येक राशि जनपद संचालन एवं शासकीय योजनाओं हेतु नियमन नियम अनुसार की गई है को ने कहा कि जनपद उपाध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों पर बिना दस्तावेज के राशन कार्ड बनाने निर्माण शाखा में इंजीनियरों पर अनुचित दबाव डालने जैसे कार्यो के लिए लगातार दबाव बनाया जाता है जो अच्छी बात नहीं है।

# छात्र-छात्राओं ने वन्दे मातरम् राष्ट्रगीत का सामूहिक रूप से गायन प्रस्तुत किया

समवेत शिखर संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा सासाहोली में गुरुवार दिनाँक 15 जनवरी को÷ वन्दे मातरम् ÷ राष्ट्रगीत का सामूहिक रूप से गायन छात्र-छात्राओं, आचार्य- दीदियों एवं जनप्रतिनिधि वार्ड 21 पार्षद की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रानी सौरभ जैन रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वन्दे मातरम् राष्ट्र गीत का 150 वी वर्षगांठ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे देश भर में मनाया जा रहा है। इसके पूर्व देश में जितने भी प्रधानमंत्री रहे किसी ने भी वंदे मातरम् राष्ट्रगीत की 50 वीं वर्ष में या 100 वीं वर्ष पूर्ण होने पर ऐसा भव्य रूप में मनाने की कोई विशेष आग्रह देश के नागरिकों के लिए नहीं किया गया। जिस वन्दे मातरम् गीत को गाते हुए आजादी की लड़ाई में अनेकों वीर, क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों ने अपने प्राणों की बाजी लगा दी उस वन्देमातरम् राष्ट्रगीत की 150 वीं वर्षगांठ को पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ये हम सब के लिए प्रेरणा दायी है। वंदे मातरम् का अर्थ है मैं अपनी मातृभूमि को प्रणाम करता हूँ/करती हूँ। यह भाव प्रत्येक भारतवासियों के मन में अवश्य होना चाहिए।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्राचार्य श्रवण कुमार साहू ने वन्दे मातरम् के इतिहास के बारे बताया गया है कि सन् 1875 के आसपास वंदे मातरम् गीत गाया गया। इसके कवि बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय जी ने इस गीत को बांग्ला और संस्कृत भाषा में लिखा है। 28 दिसम्बर सन् 1896 में कांग्रेस महासभा के अधिवेशन में रविन्द्र टैगोर द्वारा गाया गया है जो कि 65 सेकंड का था। सन् 1882 में बंकिमचन्द्र चटर्जी के पुस्तक आनंद मठ में प्रकाशित हुआ।परन्तु कुछ समुदाय के लोगों को वंदे मातरम् की दो पद को छोड़कर आगे के पदो की पंक्तियों में आपत्ति थी कि हम किसी देवी को नहीं मानते है हमारे धर्म के विपरीत है इसलिए सिर्फ दो पद को ही सन् 1950 में ही राष्ट्रगीत की स्वीकृति दे दी गई।

# कालेज में वंदे मातरम् का किया गया सामूहिक गान

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ एवं आज सेना दिवस के पावन अवसर पर सासंद बृजमोहन अग्रवाल जी के प्रयास से रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लगभग 3 हज़ार स्कूल कालेजों में 5 लाख से भी अधिक छात्र छात्राओं द्वारा एक साथ वंदे मातरम् का गायन किया गया। इस दौरान खरोरा के स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में भी वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कालेज की प्रिंसिपल श्रीमती शंपा चौबे ने कहा की वंदे मातरम एक गीत ही नहीं इस देश की आत्मा हैं। इस गीत को गाकर हमारे देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी फाँसी पर झूल गये। इस दौरान सासंद प्रतिनिधि विकास ठाकुर ने कहां की स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम् की ऐतिहासिक भुमिका रही हैं। हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत वंदे मातरम् को सम्मानित करने का सबसे आसान तरीक़ा है कि हम हर रोज वंदे मातरम् का गान कर देश के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का पुरी निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने कालेज के छात्र छात्राओं को पुरी लगन से पढ़ाई करने, हर रोज कालेज आने का आह्वान किया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सोनी, प्रिंसिपल श्रीमती चंपा चौबे, सासंद प्रतिनिधि विकास ठाकुर, पार्षद तामेश्वर मरकाम, पंचराम यादव, जयप्रकाश वर्मा, शेखर देवांगन, रामेश्वर ध्रुव आदित्य सिंह राजपूत आदि लोगों सहित कालेज स्टाफ़ एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित थीं।

# खरोरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ



समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** रॉयल स्टार क्रिकेट क्लब, खरोरा के तत्वावधान में खरोरा में डे- क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व खाद्य मंत्री गिरिश देवांगन, कांग्रेस नेत्री छाया वर्मा, बाबलू भाटिया (राइस मिल अध्यक्ष) एवं राजीव अग्रवाल द्वारा किया गया।यह क्रिकेट प्रतियोगिता पिछले दो दिनों से केशला-खरोरा मंडी मैदान में जारी है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजाज खान (सोनू) ने बताया कि प्रतियोगिता में रायपुर सहित आसपास की कई बड़ी और प्रतिष्ठित क्रिकेट टीमों ने भाग लिया है।टूर्नामेंट कुल 12 दिनों तक चलेगा, जिसका फाइनल मुकाबला 26 जनवरी को खेला जाएगा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।आयोजकों द्वारा विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपये,द्वितीय पुरस्कार 15,000 रुपये, एवं तृतीय पुरस्कार 7,000 रुपये निर्धारित किया गया है।इस आयोजन से क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच मिलने के साथ-साथ खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# भाजपा नेता शिवरतन शर्मा का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा का जन्मदिन समुचे शहरीय व ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया जिसके तहत जगह जगह शर्मा का अभिनंदन स्वागत किया गया। कहीं पर उन्हें धान से तो कहीं पर फुल से तोलकर लोगो ने उनका सार्वजनिक तौर पर स्वागत किया। नगर स्थित बाबा महाकाल, हनुमान मंदिर दर्शन करने पहुंचे शिवरतन ने वहां पर विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अर्चना पश्चात नगर पालिका भवन में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं सभापति, पार्षद, कर्मचारियों द्वारा शिवरतन शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी गई एवं केक काटा गया। शिवरतन शर्मा का प्रदेश के कोने कोने से आए लोगों ने भाजपा कार्यालय में आत्मीय ज़ेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी। कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओ द्वारा, सेंट मैरी स्कूल, रामलीला मैदान में स्वागत किया गया । आकांक्षा गोलू जायसवाल द्वारा कोलियारी में एवं सिमगा के ग्राम किरवई में सरपंच श्रीमती अन्नपूर्णा उमेश द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया। उपरोक्त अवसर पर भाजपा नेता राकेश तिवारी ,नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राजा कामनानी , सुनिल यदु , सतीश सोनी , पवन वर्मा , मथुरा यदु , नारायण साहू , मनीन्दर गुंबर , योगेश अनंत , शेखर ठाकुर सहित सैकड़ो लोगो ने बधाई दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती

# बाघ गणना को लेकर कार्यशाला आयोजित



समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** वन्यजीव संरक्षण के अंतर्गत बाघ गणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपादित करने हेतु आज वनमंडल स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी गरियाबंद ससीगानंधन,उप वनमंडलाधिकारी मनोज चन्द्राकर,राकेश चौबे, विकास चन्द्राकर,सहायक संचालक यूएसटीआर जगदीश दर्रो,समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित वनमंडल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भारतीय वन्यजीव संस्थान,देहरादून से पधारीं ऋतु प्रजापति द्वारा बाघ गणना की नवीनतम पद्धतियों,फील्ड डाटा संग्रहण,कैमरा ट्रैपिंग,ट्रैक एवं साइन सर्वे,एम-स्त्रत्रद्धक्षस्र एप के उपयोग तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आंकड़ों के विश्लेषण संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बाघों की पहचान,उनके आवास,संरक्षण की चुनौतियों तथा गणना प्रक्रिया में सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।साथ ही,बाघ संरक्षण में वन विभाग की भूमिका एवं सामूहिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया।वनमंडलाधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बाघ गणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है,जिससे वन्यजीव संरक्षण की रणनीतियाँ सुदृढ़ होती हैं।इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम फील्ड कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।कार्यशाला का उद्देश्य बाघ गणना कार्य को पारदर्शी, सटीक एवं वैज्ञानिक तरीके से संपन्न करना रहा।

# आगजनी से हड़कंप, किसानों के ब्यारा में रखी पैरावट के 8 बड़े ढेरों में लगी आग

## पैरावट और मूर्ति निर्माण की झोपड़ी जलकर खाक

समवेत शिखर संवाददाता



**नवापारा राजिम।** ग्राम नवागांव (ल) में शुक्रवार शाम अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों की कमर तोड़ दी। पंचायत भवन के पास नवा रायपुर रोड किनारे स्थित ग्रामीणों के ब्यारा में रखी पैरावट के लगभग 8 बड़े ढेरों में अचानक आग भड़क उठी। तेज लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पास ही मूर्ति निर्माण के लिए बनाई गई झोपड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया। झोपड़ी में मूर्ति निर्माण हेतु रखे लकड़ी के खांचे, पैरा और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट से नहीं लगी है, क्योंकि घटनास्थल के आसपास कोई विद्युत तार मौजूद नहीं है। आसपास के खेतों में भी कहीं आग नहीं लगी थी और मौसम भी अत्यधिक गर्म नहीं है। ऐसे में प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी असामाजिक तत्व द्वारा बीड़ी या सिगरेट का जला हुआ टुकड़ा फेंके जाने से आग लगी, जो एक-एक कर सभी पैरावट ढेरों तक फैल गई।

दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में फायरब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

इस घटना में ग्राम नवागांव (ल) के अश्वनी चक्रधारी, संतु चक्रधारी, किशुन चक्रधारी, नोहर साहू, बिरसिंह धुव, अशोक चक्रधारी, ईश्वर चक्रधारी, हेमलाल साहू, कोमल चक्रधारी सहित अन्य किसानों की लगभग 40 एकड़ की पैरावट स्वाहा हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।एक चिंगारी ने किसानों की मेहनत और मूर्तिकार की रोजी-रोटी को जलाकर राख कर दिया, गांव में मुआवजे और कार्रवाई की मांग तेज।

# नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत

## वरिष्ठ नेताओं की गैर मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।**नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक में संगठन सृजन अभियान के तहत नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी के स्वागत एवं आभार रैली का आयोजन किया गया। फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ हुए इस भव्य स्वागत समारोह में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव की मौजूदगी ने कार्यक्रम को राजनीतिक महत्व प्रदान किया। रैली के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस भवन पहुंचे, जहां संगठन को मजबूत करने को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक जनक ध्रुव ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वरिष्ठ नेता युगल किशोर पांडेय ने हर कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने का आह्वान किया, जबकि रामकुमार वर्मा ने संगठन सुदृढ़ीकरण पर अपने विचार रखे। ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिरी ने अपने उद्बोधन में प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व से लेकर जिला संगठन तक के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह तो दिखा, लेकिन इसी बीच कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी भी खुलकर सामने आ गई। गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित आदिवासी ब्लॉक में आयोजित इस आभार कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन की एकजुटता सवालों के घेरे में आ गई। कार्यक्रम से वरिष्ठ और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की दूरी साफ नजर आई, वहीं कई बड़े नेता और पदाधिकारी भी गैरहाजिर रहे। पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, पूर्व विधायक प्रत्याशी संजय नेताम, नवनियुक्त शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी सहित कई प्रमुख चेहरे कार्यक्रम में नजर नहीं आए।जिला मुख्यालय के शहर अध्यक्ष की अनुपस्थिति भी चर्चाओं का विषय बनी रही। वही वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार शर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव मिश्रा, महेंद्र सिंह राजपूत, डिलेश्वर देवांगन, भानु सिन्हा, मनीष ध्रुव, अवध राम यादव,रमेश मेश्राम, हस्ठ्ठ प्रदेश सचिव चित्रांश ध्रुव, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव श्रद्धा राजपूत, पार्षद शीला तांडी आदि उपस्थित थे।

विश्वास - निर्माण - गौरव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

# डबल इंजन सरकार
## दोगुनी हुई विकास की रफ्तार

आकांक्षाओं के नए शिखर पर छत्तीसगढ़...

**प्रधानमंत्री आवास योजना**
- 26 लाख से अधिक पीएम आवास स्वीकृत
- 15,000 पीएम आवास आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए

**कृषक उन्नति योजना**
- ₹3100 प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी, देश में धान का सर्वाधिक मूल्य
- 26 लाख किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' का लाभ

**श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना**
- 39,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किए अयोध्या एवं काशी विश्वनाथ के निःशुल्क दर्शन

**जनजातीय कल्याण**
- पीएम जनमन योजना - लगभग 60,000 PVTG परिवार लाभान्वित
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से 6,691 ग्राम लाभान्वित

**माओवादी आतंक से मुक्ति की ओर**
- 500 से अधिक नक्सली न्यूट्रलाइज
- 2400 से अधिक पुनर्वास, 1900 से अधिक नक्सली गिरफ्तार
- 83 नए सुरक्षा कैंप स्थापित

**सड़कों का विकास**
- ₹40,000 करोड़ से अधिक की लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास

**पारदर्शी व्यवस्था का निर्माण**
- सुशासन तिहार से समस्याओं का त्वरित निदान
- सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन
- 400 से अधिक नीतिगत सुधार

**महतारी गौरव वर्ष**
- 70 लाख महिलाएं महतारी वंदन योजना से बनीं आर्थिक रूप से सशक्त
- 38 लाख महिलाओं को 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' का लाभ

**तेंदूपत्ता संग्रहण दर में वृद्धि**
- दर ₹4000 से बढ़कर ₹5500 प्रति मानक बोरा
- 52 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित

**निवेश का नया हब छत्तीसगढ़**
- ₹7.83 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव नवीन औद्योगिक विकास नीति से
- नवा रायपुर में एआई डेटा सेंटर पार्क, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट ले रहा आकार

**दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना**
- 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष ₹10,000 की आर्थिक सहायता

**युवा कल्याण**
- युवा स्वरोजगार हेतु 50% सब्सिडी पर ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा
- लगभग 32,000 शासकीय पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ, अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट

**रेल नेटवर्क का विस्तार**
- ₹47,447 करोड़ की विभिन्न रेल परियोजनाएं ले रहीं आकार

**विश्वस्तरीय शहर नवा रायपुर**
- रेल सेवा की शुरुआत, राज्य राजधानी क्षेत्र (SCR) का होगा गठन
- चित्रोत्पला फिल्म सिटी और तीरंदाजी अकादमी की होगी स्थापना
- मेडिसिटी, फार्मास्युटिकल हब, रेडीमेड गारमेंट पार्क ले रहे हैं आकार




S-45325/5

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## न्यूज ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हरिस एस के द्वारा 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके तहत आगामी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा सीएस-2 (घघ-कम्पोजिट), विदेशी मदिरा एफएल-1(घघ), विदेशी मदिरा एफएल-1(घघ कम्पोजिट), एफएल-3(होटल एंड बार), एफएल-7(सैनिक कैंटीन) एवं मद्य भण्डागार जगदलपुर को 25 जनवरी 2026 को समयावधि पश्चात बंद करने सहित 26 जनवरी 2026 दिन सोमवार को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु एतद द्वारा आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के तहत सर्व संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र की सभी प्रकार की मदिरा दुकानें एवं मद्य भण्डागार जगदलपुर को नियत समयावधि के दौरान बंद रखे जाने सहित न तो मदिरा का विक्रय होने पावे और न ही किसी भी प्रकार से मदिरा का संव्यवहार हो यह सुनिश्चित किया जाएगा।

### प्रोजेक्ट 'उन्नति' के तहत 35 श्रमिकों को रूरल मेसन प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी), दंतेवाड़ा में आज जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के 35 श्रमिकों के लिए प्रोजेक्ट 'उन्नति' के अंतर्गत रूरल मेसन (राजमिस्त्री) प्रशिक्षण बैच क्रमांक 278 का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा द्वारा किया गया। प्रोजेक्ट 'उन्नति' के अंतर्गत 60 दिनों से अधिक कार्य कर चुके बी.वी जी राम जी योजना अन्तर्गत श्रमिकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से श्रमिकों को राजमिस्त्री कार्य में दक्ष बनाया जाएगा, जिससे वे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में कुशल श्रमिक के रूप में कार्य कर सकेंगे तथा भविष्य में स्वयं का रोजगार भी स्थापित कर पाएंगे। इसके साथ ही ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को इलेक्ट्रीशियन, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, सिलाई मशीन, ड्राइविंग, मशरूम उत्पादन सहित विभिन्न ट्रेडों में निःशुल्क आवासीय स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### एक दिवसीय मॉडल जीपीडीपी प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जनपद पंचायत कुआकोंडा में जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना (मॉडल जीपीडीपी ) पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ष 2025-26 की पंचायत विकास योजनाओं के प्रभावी निर्माण और क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक एवं पीएचई मैकेनिक की उपस्थिति रही।

# समग्र शिक्षा की सक्षम पहल से बदल रही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जिंदगी

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित समावेशी शिक्षा योजना अब विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनकर उभरी है। जिला मुख्यालय जगदलपुर के कुम्हारपारा स्थित सक्षम संस्था (जिला संसाधन केंद्र) में न केवल दिव्यांग छात्रों को निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, बल्कि विशेषज्ञों की देखरेख में बच्चों के जीवन में चमत्कारी बदलाव भी आ रहे हैं। यहाँ फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी और बौद्धिक निशक्तता से जूझ रहे बच्चों को अत्याधुनिक और संवेदनशील देखभाल मिल रही है।



इस केंद्र की सफलता की बानगी यहां इलाज करा रहे बच्चों की मुस्कान में साफ दिखाई देती है। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी 8 वर्षीय आयुष की है। सेरेब्रल पाल्सी जैसी गंभीर चुनौती का सामना कर रहे आयुष को जब उनकी माँ श्रीमती बबीता पहली बार केंद्र लाई थीं, तब स्थिति काफी कठिन थी। आयुष के दोनों हाथ और पैर अकड़ गए थे और मांसपेशियों में इतनी कमजोरी थी कि वह न तो अपनी गर्दन संभाल पाता था और न ही करवट ले पाता था। रायपुर और विशाखापत्तनम जैसे बड़े शहरों के डॉक्टरों ने भी फिजियोथेरेपी की सलाह दी थी। जिला संसाधन केंद्र में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मतिउर रहमान की देखरेख में आयुष का नियमित इलाज शुरू हुआ। निरंतर प्रयासों का परिणाम यह है कि आज आयुष न केवल अपने घुटनों के बल चल सकता है और बैठ सकता है, बल्कि सहारे के साथ खड़ा होने का प्रयास भी करने लगा है। इसी तरह 3 वर्षीय नन्हीं बालिका भूमि की कहानी भी इस केंद्र के प्रयासों को सार्थक सिद्ध करती है। सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित भूमि, जिसकी माँ का नाम श्रीमती ममता है, महज डेढ़ साल की उम्र से यहाँ फिजियोथेरेपी के लिए आ रही है। जन्म के एक साल बाद तक भूमि न करवट ले पाती थी और न ही उठने की कोशिश करती थी, यहाँ तक कि उसकी गर्दन में भी ताकत नहीं थी। इस केंद्र में डॉ. मतिउर रहमान द्वारा किए गए फिजिकल एग्जामिनेशन और नियमित थेरेपी के बाद भूमि के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब वह आराम से बैठने लगी है, अपने नन्हे हाथों से चीजों को पकड़ने लगी है और सहारे से खड़ी भी होने लगी है। इन बच्चों के अभिभावकों के लिए यह बदलाव किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने जिला संसाधन केंद्र और समग्र शिक्षा अभियान की इन कोशिशों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है, जिनके सहयोग से उनके बच्चों को एक नया जीवन मिल रहा है। कुम्हारपारा स्थित यह केंद्र साबित कर रहा है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से गंभीर दिव्यांगता को भी मात देकर सक्षम बना जा सकता है।

## कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और लिंग चयन प्रतिषेध के लिए होगी कार्रवाई

### पीसीपीएनडीटी समिति की हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** जिले में कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लिंगानुपात को नियंत्रित करने की दिशा में गुरुवार 15 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जगदलपुर में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के तहत पुनर्गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अधिनियम के तहत पंजीयन के लिए प्राप्त नवीन आवेदनों की गहन समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने डिमरापाल स्थित कॉन्टिनेटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की। समिति द्वारा इन संस्थाओं के प्रस्तावों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के कड़े मापदंडों की कसौटी पर परखा गया। यह अधिनियम 1994 विशेष रूप से गर्भधारण से पूर्व या बाद में लिंग चयन और जांच पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है, ताकि समाज में बेटियों के अस्तित्व को सुरक्षित रखा जा सके। समिति द्वारा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी और निरंतर कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। जिला सलाहकार समिति की इस बैठक में स्वास्थ्य और प्रशासनिक अमले के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. भंवर शर्मा के नेतृत्व में हुई इस चर्चा में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सी. मैत्री तथा आईडीएसपी नोडल अधिकारी डॉ. वी. के. ठाकुर ने अपने तकनीकी सुझाव रखे। इसके अलावा कानूनी और सामाजिक पक्ष को मजबूती देने के लिए अधिवक्ता श्रीमती प्रीति वानखेडे और समाजसेवी श्रीमती अंजू भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## सब्जी उत्पादन की आधुनिक तकनीक को शिवराज ने अपनाया, भरपूर उत्पादन और अच्छी आय पाया

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मड़से के प्रगतिशील कृषक श्री शिवराम वेक ने उद्यानिकी विभाग की सहायता से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी कृषि को एक नई दिशा प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि सब्जी उत्पादन में बढ़ोतरी के उद्देश्य से उन्होंने वर्ष 2024-25 में विभागीय मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग से 1000 वर्ग मीटर क्षमता का शेडनेट स्थापित कर, उसमें बरबट्टी की उच्च उपज वाली किस्मों का सफल उत्पादन प्रारंभ किया।

शेडनेट निर्माण से तापमान नियंत्रण, कीट सुरक्षा, नमी प्रबंधन का लाभ सब्जियों को देते हुए उन्होंने ड्रिप सिंचाई पद्धति का प्रयोग करते हुए बरबट्टी की फसल को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया। नियंत्रित परिस्थितियों के कारण पौध वृद्धि तेज हुई तथा उत्पादन सामान्य खुले खेत की तुलना में लगभग 35-40 प्रतिशत अधिक प्राप्त हुआ। शेडनेट में तैयार हरी बरबट्टी स्थानीय बाजार में उच्च दर पर विक्रय हुई, जिससे कृषक शिवराम वेक को नियमित नकद आय प्राप्त होती रही।

इसके पश्चात शिवराम वेक ने 0.20 हेक्टेयर खुले क्षेत्र में सेम की फसल भी लगाई। गुणवत्ता आधारित पौध, समय पर जैविक खाद, ट्रेलिस विधि (मचान) का उपयोग तथा मौसम अनुसार सिंचाई प्रबंधन से सेम की बेलों में अत्यधिक फलन हुआ। फसल की उत्पादकता बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय बाजार में सेम की मांग अधिक होने से प्रति चक्र उन्हें अच्छी आर्थिक प्राप्ति हुई। सेम उत्पादन से एक सीजन में लगभग 15,000-20,000 की अतिरिक्त आय प्राप्त होना उन्हें सुनिश्चित हुआ। कुल मिलाकर बाजार से जोड़ते हुए नियमित सलाह इन सेवाओं के कारण शिवराम वेक की खेती पारंपरिक पद्धतियों से निकलकर आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी बन गई। वर्तमान में श्री शिवराम वेक की मेहनत और नई तकनीक अपनाने की इच्छाशक्ति ने उन्हें गांव के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना दिया है।

## नियद नेल्लानार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर नम्रता जैन का अबूझमाड़ क्षेत्र भ्रमण

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** जिले के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित दुर्गम क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नम्रता जैन द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 जनवरी को कलेक्टर ने बाइक से लगभग 110 किलोमीटर का दुर्गम सफर तय करते हुए कच्चे रास्तों, जंगलों तथा नदीनालों को पार कर अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम ढोंढरबेड़ा, कुड़मेल और जाटलूर का दौरा किया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान कलेक्टर जैन ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं, शासकीय संस्थाओं के संचालन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम ढोंढरबेड़ा स्थित बालक आश्रम का औचक निरीक्षण कर भोजन व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय और आवासीय कक्षों की स्थिति की जानकारी ली। बच्चों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन किया गया। संतोषजनक उत्तर मिलने पर कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। छात्रावास अधीक्षक द्वारा शौचालय निर्माण, खेल सामग्री और अधीक्षक निवास कक्ष निर्माण की मांग पर प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात कलेक्टर जैन ग्राम कुड़मेल पहुँचीं और बालक आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के स्तर की जानकारी लेते हुए बेहतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। बच्चों के साथ राष्ट्रगान भी गाया गया, जिससे क्षेत्र में प्रशासन की सक्रियता और बच्चों के लिए सुरक्षा एवं शिक्षा के महत्व का सशक्त संदेश गया। शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि बच्चों के सोने से पूर्व प्रतिदिन मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बच्चों द्वारा खेल सामग्री एवं जूतों की मांग पर शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। मितानिन द्वारा दवाई पेटी, आवास एवं गोटुल निर्माण की मांग पर कलेक्टर ने शीघ्र व्यवस्था कराने का भरोसा दिलाया। ग्राम के 12वीं उत्तीर्ण युवा मोतीलाल वडडे को विद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर जैन ने नदीनालों को पार करते हुए ग्राम जाटलूर पहुँचीं और बालक आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को स्कूली यूनिफॉर्म का वितरण करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों से बच्चों की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय एवं आवासीय कक्षों की स्थिति की जानकारी ली गई। बाउंड्रीवॉल, अतिरिक्त कक्ष, दैनिक उपयोग की सामग्री तथा टेबल-बेंच की मांग पर प्रस्ताव सहायक आयुक्त को भेजने का आश्वासन दिया गया। इसके उपरांत कलेक्टर ने ग्राम जाटलूर के बाजार स्थल एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा गोटुल में शेड निर्माण, बाउंड्रीवॉल, देवगुड़ी निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, राशन दुकान संचालन, बाजार स्थल में शेड निर्माण तथा आश्रित ग्राम हरवेल, डोंगरीपारा और बोटेर में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग रखी गई।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

## कोहली की रैंकिंग पर आईसीसी ने अपनी गलती सुधारी



### पहले बताया- 825 दिन नंबर-1 रहे, अब कहा- 1547 दिन टॉप पर रहे

**नई दिल्ली।** ढ्ढष्टष्ट ने 14 जनवरी को जारी रैंकिंग में की गई गलती में सुधार किया है। वनडे रैंकिंग में विराट कोहली नंबर-1 बैटर बने थे, लेकिन ढ्ढष्टष्ट ने गलती से उनके नंबर-1 रहने के टोटल दिन कम बताए थे। ढ्ढष्टष्ट ने बुधवार को बताया था कि कोहली 825 दिनों तक वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर रहे। शुक्रवार को भूल सुधार करके ढ्ढष्टष्ट ने स्पष्ट किया कि विराट वनडे क्रिकेट में कुल 1,547 दिनों तक नंबर-1 बल्लेबाज रहे हैं। इस सही आंकड़े के साथ विराट अब वनडे रैंकिंग में सबसे ज्यादा दिन तक टॉप पर रहने वाले तीसरे प्लेयर बन गए हैं। उनसे आगे केवल वेस्टइंडीज के सर विवियन रिचर्ड्स (2,306 दिन) और ब्रायन लारा (2,079 दिन) हैं। विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 93 रन की पारी खेली थी, इसका उन्हें सीधा फायदा मिला। ?उनके अब 785 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। विराट जुलाई 2021 के बाद पहली बार और ओवरऑल अपने करियर में 11वीं बार नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बने हैं। पिछले हफ्ते वे नंबर-2 पर थे। उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा।

## टी-20 वर्ल्ड कप विवाद सुलझाने ढाका जाएंगे आईसीसी के 2 अधिकारी

**दुबई (ए)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के 2 अधिकारी टी-20 वर्ल्ड कप विवाद सुलझाने के लिए ढाका जाएंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डायरेक्टर इफ्तेखार रहमान ने शुक्रवार को क्रिकबज को इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आईसीसी प्रतिनिधि शनिवार को ढाका पहुंचेंगे। रहमान ने कहा- हम उनके साथ बैठने को लेकर उत्सुक हैं। हमें उम्मीद है कि इस मसले का समाधान निकल आएगा।




शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में होने वाली इस बैठक में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों के साथ मोहम्मद यूनुस सरकार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। 13 जनवरी को बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम ने वीडियो कॉल में नाराजगी जाहिर करते हुए बातचीत को लगभग बंद कर दिया था। अब आईसीसी ने एक बार फिर बांग्लादेश बोर्ड से संपर्क किया।

बीसीबी ने मीडिया रिलीज में कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंस में हमने अपनी मांग दोहराई है। आईसीसी ने हमें बताया है कि शेड्यूल घोषित हो चुका है। उसने हमसे भारत में न खेलने के फैसले पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है। हमने अपना फैसला नहीं बदला है। प्लेयर्स, ऑफिशियल और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्रायोरिटी है। हम समाधान निकालने के लिए आईसीसी से बातचीत जारी रखेंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी है। उन्हें केकेआर ने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था। इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की। टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है। टीम 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड से भिड़ने वाली हैं। तीनों मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने हैं। वहीं टीम का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 17 फरवरी को मुंबई में नेपाल से होना है। 16 दिसंबर को आईपीएल मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था।

### मर्दानी-3 के ट्रेलर से इंटरनेट पर मचे तहलके के लिए दर्शकों और फैन्स के प्रति रानी मुखर्जी ने जताया आभार

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स ने कुछ ही दिन पहले मर्दानी 3 का ट्रेलर रिलीज़ किया और तभी से यह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़ी चर्चा का विषय बन गया है। हर ओर से सर्वसम्मति से सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ मिल रही हैं, खासतौर पर रानी मुखर्जी के लिए, जो एक बार फिर अपने बेहद लोकप्रिय किरदार एसीपी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापसी कर रही हैं। शिवानी एक निडर और साहसी पुलिस अधिकारी है, जो समय के खिलाफ दौड़ में 93 लापता लड़कियों को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल देती है।



इस जबरदस्त प्रतिक्रिया पर आभार जताते हुए रानी मुखर्जी कहती हैं, ÷शिवानी शिवाजी रॉय ऐसा किरदार नहीं है, जिसे मैं कैमरा कट होते ही भूल जाऊँ। मैं उसे अपने साथ लेकर चलती हूँ, क्योंकि उसके ज़रिए मैंने समझा है कि सेवा का असली अर्थ क्या होता है। मैंने यह भी देखा है कि साहस कितना अकेला हो सकता है। मैं हमारे देश की पुलिस फोर्स का बहुत सम्मान करती हूँ, जो हर दिन बिना किसी शिकायत के, बिना किसी तमगे की अपेक्षा किए, चुपचाप देश की सेवा करती है और हमारी रक्षा करती है। मर्दानी फ्रेंचाइज़ी के जारी मैं उन्हें सलाम करती हूँ और मुझे गर्व और खुशी होती है यह देखकर कि मेरे देश के लोग पुलिस फोर्स को इतना प्यार दे रहे हैं। वे इस खास पल को भारतीय पुलिस बल को समर्पित करते हुए कहती हैं, मेरे पुलिस फोर्स के सभी भाई-बहनों को, खासतौर पर उन महिला अधिकारियों को, जिन्हें ज्यादा आँका जाता है, ज्यादा सवालों का सामना करना पड़ता है और फिर भी वे डर से ऊपर उठकर खड़ी रहती हैं, यह फिल्म आप सब की वजह से ही अस्तित्व में है।

## न्युवोको विस्टास ने वित्तवर्ष 26 की तीसरी तिमाही के लिए अपने बेहतरीन वित्तीय परिणाम घोषित किए

**मुंबई (ए)।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख बिल्डिंग मटीरियल कंपनी, ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए। कंपनी पूर्व में रणनीतिक क्षमता विस्तार पर अपनी प्रगति जारी रखे हुए है, साथ ही वडराज सीमेंट सुविधाओं में प्रोजेक्ट का काम भी ट्रैक पर है, जिसमें क्लिंकर यूनिट और ग्राइंडिंग यूनिट्स का ऑपरेशन वित्तवर्ष 27 की तीसरी तिमाही से शुरू होने वाले चरणों में करने की योजना है। ये प्रयास और पहलें न्युवोको की कुल सीमेंट क्षमता को -35 एमएमटीपीए तक पहुंचाती हैं, जिससे यह लंबे समय के लिए भारत में पांचवें सबसे बड़े सीमेंट ग्रुप के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है।

तिमाही के शुरुआती हिस्से में छोटी-बड़ी चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने सालाना आधार पर बेहतर प्रदर्शन बनाए रखा। कंपनी ने वित्तवर्ष 26 की तीसरी तिमाही 5 एमएमटी की अब तक की सबसे ज्यादा तीसरी तिमाही की सीमेंट बिक्री वॉल्यूम हासिल की, जिसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ऑपरेशन से कंसोलिडेटेड आय वित्तवर्ष 26 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 2,701 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा वित्तवर्ष 26 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 386 करोड़ रुपए रहा।

प्रीमियम उत्पादों ने अपनी मजबूत गति बनाए रखी, जिसमें प्रीमियमाइजेशन1 लगातार दूसरी तिमाही में 44 प्रतिशत के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर बना रहा। यह मजबूत प्रदर्शन न्युवोको कॉन्क्रीटो और न्युवोको ड्यूरागार्ड फ्रेंचाइजी के लिए बढ़ते ब्रांड आकर्षण को उजागर करता है, जिसमें बिल्डिंग मटीरियल उपयोग में विश्वसनीय विकल्पों के रूप में बढ़ती पहचान मिल रही है।

आरएमएक्स बिज़नेस अपने कॉन्क्रीटो उत्पादों की रेंज में वॉल्यूम में बढ़ोतरी देख रहा है। मांग का फायदा उठाते हुए, डिवीजन ने कॉन्क्रीटो ट्राई शील्ड लॉन्च किया, जो एक विशेष उत्पाद है जो तीन-परत ड्यूरेबिलिटी और स्ट्रक्चरल जीवनकाल में -50 प्रतिशत की वृद्धि प्रदान करता है। इस बीच, एमबीएम बिज़नेस ने न्युवोको ज़ीरो एम उन्नति ऐप लॉन्च किया, जो एक डिजिटल लॉयल्टी प्लेटफॉर्म है जिसे इन्फ्लुएंसर जुड़ाव, पारदर्शिता और डेटा-संचालित चैनल विकास को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी के परफॉर्मेंस पर प्रतिक्रिया करते हुए, श्री जयकुमार कृष्णास्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कहा कि ÷लंबे मॉनसून और त्योहारों की वजह से शुरुआती मैक्रोइकोनॉमिक चुनौतियों के बावजूद, जिससे अक्टूबर और नवंबर में डिमांड कम हो गई थी, दिसंबर में हेल्दी डबल-डिजिट ग्रोथ देखने को मिली, जो मजबूत रिकवरी मोमेंटम को दिखाता है। कंपनी ने प्रीमियम प्रोडक्ट्स और ऑपरेशनल एक्सीलेंस पर लगातार फोकस की वजह से तीसरी तिमाही में अब तक का सबसे ज्यादा वॉल्यूम और एबिटिडा में 50 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हासिल की।

## बजाज जनरल बीमा ने पेश किया फीटल फ्लरिश-1025 के किफायती प्रीमियम पर एक अग्रणी फेटल हेल्थ इंश्योरेंस ऑफर

**पुणे (ए)।** भारत की अग्रणी निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने आज भ्रूण स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया एक अभिनव इंश्योरेंस राइडर 'फीटल फ्लरिश' लॉन्च किया. यह अनोखा समाधान उन्नत गर्भस्थ (इन-यूटेरो) प्रक्रियाओं और उच्च-जोखिम गर्भावस्थाओं के लिए फाइनेंशियल सहायता प्रदान करता है, जो लंबे समय से पारंपरिक मैटरनिटी इंश्योरेंस के दायरे से बाहर रहा है. यह राइडर अपने प्रमुख प्रॉडक्ट, 'माय हेल्थ केयर प्लान' और 'हेल्थ गार्ड', के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।



फीटल फ्लोरिश मेडिकल विशेषज्ञता और इंश्योरेंस डिज़ाइन को एक साथ जोड़कर, प्रसव-पूर्व देखभाल की एक अहम आवश्यकता को पूरा करता है. जहां मैटरनिटी प्रॉडक्ट पारंपरिक रूप से डिलीवरी और प्रसव के बाद के उपचार पर ध्यान देते हैं, वहीं यह राइडर गर्भ के भीतर सबसे नाज़ुक चरण के दौरान अजन्मे शिशु की सुरक्षा पर केंद्रित है। माता और भ्रूण की देखभाल में बढ़ती आवश्यकता को पूरा करना रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 17% महिलाएं 35 वर्ष की आयु के बाद बच्चे को जन्म दे रही हैं और इससे गर्भावस्था से संबंधित जटिलताएं बढ़ रही हैं. इसी दौरान, एम्नियोसेंटेसिस, फीटल रिडक्शन, फीटोस्कोपिक लेज़र सर्जरी और इंट्रायूटेराइन ट्रांसफ्यूज़न जैसी प्रक्रियाएं उच्च-जोखिम वाली गर्भावस्था के मामलों को संभालने के लिए आवश्यक हो गई हैं. अब तक, इन प्रक्रियाओं का पूरा खर्च परिवारों को ही उठाना पड़ता था, क्योंकि इसके लिए कोई खास इंश्योरेंस प्रॉडक्ट मौजूद नहीं था। लॉन्च के अवसर पर डॉ. तपन सिंघल, एमडी और सीईओ, बजाज जनरल इंश्योरेंस ने कहा, गर्भावस्था हर परिवार के लिए एक बहुत निजी समय होता है, जिसमें उम्मीद, उत्सुकता और अपने बच्चे के लिए सबसे अच्छा करने की चाह शामिल होती है. जब मेडिकल संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं, तो परिवार को बहुत ही शुरुआती चरण में कठिन निर्णय लेने

## न्यूज ब्रीफ

### चक्रपाल तिवारी के निलंबन बर्खास्तगी की मांग



**जांजगीर।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र एवं डीईओ के निर्देश पर डीईओ कार्यालय में राज्यपाल,राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों का नाम पट्टिका डीईओ कार्यालय में दिनांक 14 जनवरी को लगाया गया था ।इस दौरान नाम पट्टिका लगने पर डीईओ को धन्यवाद ज्ञापित करने पुरस्कृत शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी डीईओ कार्यालय पहुंचे हुए थे ।इसी दौरान डीईओ कार्यालय में सलग्न चक्रपाल तिवारी नशे के हालत में नाम पट्टिका के पास पहुंचकर नाम पट्टिका को तोड़ दिया। इस निंदनीय कार्य से पुरस्कृत शिक्षकों के सम्मान को गहरा आघात लगा है। ऐसे निंदनीय कार्य करने वाले चक्रपाल तिवारी को तुरंत निलंबन /बर्खास्तगी की कार्यवाही के मांगो का ज्ञापन अपर कलेक्टर तंबोली को कलेक्टोरेट में ,और जिला शिक्षा अधिकारी में सौंप कर ऐसे निंदनीय कृत्य करने वाले कर्मचारी को तुरंत डीईओ कार्यालय से हटाकर निलंबन बर्खास्तगी करने की मांग प्रमुखता से की गई ।ज्ञापन सौंपने पुरस्कृत शिक्षक संघ के जिला संरक्षक रमाकांत पांडेय,जिलाध्यक्ष डॉ.बोधीराम साहू,कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल,महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्षश्रीमति जयंती दुबे, विनोद शर्मा,अमृतलाल साहू प्राचार्य,बलराम जलतारे,अनुराग तिवारी सहित अधिसंख्य उपस्थित रहे।

### नवापारा में वार्षिकोत्सव 17 को

**जांजगीर।** शासकीय नवापारा (सु कली) में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 17 जनवरी 2026 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित है।इस आशय की जानकारी देते हुए प्रधान पाठक रामविलास डाहरे ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यास कश्यप विधायक जांजगीर.चांपा व अध्यक्षता जगन्नाथ कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत कनई करेंगे ।विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र धर दीवान विकास खंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़,श्रीमति ऋषि कांता राठौर बी आर सी सी,तरुण साहू सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़,श्रीमति सुषमा स्वरूप प्राचार्य शा. उच्च.माध्य.शाला धुरकोट,श्रीमति के. व्ही. कुजूर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सुकली,विजय कुमार प्रधान जिलाध्यक्ष शिक्षक कला व साहित्य अकादमी जांजगीर चांपा होंगे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. बोधीराम साहू करेंगे। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# मकर संक्रांति का पर्व सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है : महंत

**चित्रोत्पला गंगा महा आरती का हुआ आयोजन मकर संक्रांति मेला के अवसर पर ग्राम केरा में**

समवेत शिखर संवाददाता






**जांजगीर।** मकर संक्रांति मेला समापन अवसर पर ग्राम केरा के चित्रोत्पला गंगा तट पर महाआरती का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज एवं अध्यक्षता छत्तीसगढ़ खनिज निगम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने किया। विधायक व्यास कश्यप सहित अनेक जन प्रतिनिधि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम केरा में मकर संक्रांति मेला समाप्ति के अवसर पर चित्रोत्पला गंगा महाआरती का भव्य आयोजन किया गया, लोग इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धा -भक्ति के साथ सम्मिलित हुए। अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल से किया गया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि -मकर संक्रांति का पर्व हम सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है इस अवसर पर स्नान,दान, पूजा अर्चना, जप तप सभी का अनंत गुना फल प्राप्त होता है। आप लोगों ने महाआरती का आयोजन किया है यह हम सब के लिए गौरव का विषय है, महानदी छत्तीसगढ़ राज्य की जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि आप लोगों ने मुझे बनाया है मेरे स्थान पर यदि आदरणीय गिरीश देवांगन जी को बनाते तो यहां महानदी में पुल निर्माण का लंबित मांग तत्काल पूरा हो जाता, (इस कथन पर लोगों ने खूब तालियां बजाई।) उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल जी ने यहां के विकास पर बहुत ध्यान दिया आज उनके प्रतिनिधि के रूप में गिरीश जी आए हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष देवांगन जी ने कहा कि - इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री जी को आना था किंतु आज उनके डोंगरगढ़ जिले में तीन कार्यक्रम हैं इसलिए यहां आने में बहुत देरी हो जाती, उन्होंने आप सभी से क्षमायाचना की है और मुझे आप लोगों के समक्ष भेजा है, फिर कभी वे आएंगे । मेला स्थल तक सीसी रोड निर्माण, लाइट की व्यवस्था, महाविद्यालय की स्थापना आदि अनेक कार्य भूपेश जी ने यहां के लिए किया है, यह सब उन्हें याद है। लोगों को विधायक कश्यप जी ने भी संबोधित किया।

**ग्राम वासियों की एक ही मांग है**

उल्लेखनीय है कि ग्राम केरा वासियों की एक ही मांग है वे चाहते हैं कि केरा से महानदी के दूसरे तट पर स्थित ग्राम देवरहा, मिर्चिद के बीच पुल का निर्माण हो जाए इससे आवा-गमन में लोगों को अत्यधिक सुविधा होगी जिला मुख्यालय बिलाईगढ़ जाने के लिए 40 किलोमीटर का सफर तय करना होता है जो केवल 10 किलोमीटर में सिमट जाएगी।

**कंचन जोशी लाइव कार्यक्रम का आयोजन**-मकर संक्रांति मेला समापन के अवसर पर कंचन जोशी लाइव रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, इसमें ग्राम वासियों तथा आसपास के क्षेत्र वासियों की बड़ी संख्या में भीड़ उपस्थित हुई, लोग देर रात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए डटे हुए थे।

महाआरती के अवसर पर जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए पूरा मंच उनसे भरा हुआ था। विशेष रूप से आलोक चंद्राकर, रामकुमार पटेल, मंजू सिंह, कमलेश सिंह, नारायण खंडेलिया, संदीप अग्रवाल, श्रीमती ज्योति किशन कश्यप,श्रीमती नेहा साहू, हर प्रसाद साहू, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, रामचरण साहू, गुलजीत सिंह तथा उनके अतिरिक्त ईश्वर देवांगन, भैरव केसरवानी, श्रीमती माधुरी नरेश आदित्य, मुकेश आदित्य, सरपंच संतोष कोसले, वेद प्रकाश देवांगन, समीर वैष्णव, गोपाल धीवर, दिलचंद देवांगन,राजू यादव, हेतराम धीवर, अजेश बंजारे, विक्रांत देवांगन, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का विधिवत संचालन बलिराम देवांगन ने किया।

# खदान से कोयला चोरी मामले में फरार वाहन स्वामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**सूरजपुर।** गायत्री भूमिगत खदान गेतरा के सिक्यूरिटी गार्ड मनीष कुमार सिंह द्वारा थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि खदान में घुसकर कोयला चोरी कर ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 4616 में भरकर चालक ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 698/2025 धारा 305(ए), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। उक्त तिथि को मुखबीर की सूचना पर थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा ट्रेलर वाहन को पकड़कर वाहन चालक रमेन्द्र यादव निवासी केनापारा तथा उसके बगल में बैठे व्यक्ति प्रताप सिंह निवासी लैंगा थाना उदयपुर को होना बताए जिनसे ट्रेलर में लोड कोयला का दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर धारा 4/25 धारा 35(1-5)/303(2) के तहत कार्यवाही कर 24 टन कोयला व ट्रेलर वाहन जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और इसकी सूचना समस्त थाना प्रभारियों को दी गई। थाना सूरजपुर पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर माननीय न्यायालय के आदेश पर उक्त मामले की डायरी थाना विश्रामपुर से मंगाई गई और अपने थाना में पंजीबद्ध अपराध में शामील किया गया। प्रकरण में वाहन स्वामी व 1 अन्य व्यक्ति फरार थे जिनकी पतासाजी की जा रही थी।डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रकरण के फरार आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए थे। थाना सूरजपुर पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के दौरान दिनांक 15.01.2025 को मुखबीर की सूचना पर ट्रेलर वाहन के स्वामी संदीप जायसवाल पिता शिवधनी जायसवाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बतरा चौकी करंजी को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने कोयला चोरी करवाना स्वीकार किया। जिसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, सुमंत पाण्डेय, प्रधान आरक्षक शिवकुमार सक्रिय रहे।

# 20 लाख की लूट के मास्टर माइंड सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट के कुल नगद 13,75,000/रू, अपहरण में प्रयुक्त एक वेन्यु कार, चाकु, बेसबाल स्टीक एवं 05 नग मोबाईल जब्त किया है**

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** थाना चाम्पा क्षेत्र में हुए 20 लाख रूपये से अधिक रकम की लूट के मामले में सायबर टीम एवं थाना चाम्पा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लूट के मास्टर माइंड योगेश रात्रे सहित 04 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट के कुल नगद 13,75,000/रू, अपहरण में प्रयुक्त एक वेन्यु कार, चाकु, बेसबाल स्टीक एवं 05 नग मोबाईल जब्त किया है।

पुलिस ने लूट का पर्दाफाश करते हुए बताया कि मास्टर माइंड योगेश रात्रे ने अपने साथियों के साथ दो माह पूर्व लूट करने की योजना बनाई थी। आरोपियों ने प्रार्थी के आंख में मिर्च पावडर छिड़ककर अपहरण कर फरार हो गया था। अपहरण कर जबरन कार में बैठाकर पैस लूटने व जान से मारने के नियत से मैनपाट ले जाकर गहरी खाई में धक्का दिया था।

पुलिस को घटना स्थल से चाम्पा, बलौदा, कोरबा क्षेत्र के लगभग 300 से अधिक रास्ते की सीसीटीव्ही कैमरा को खंगालने पर अहम सुराग मिला। इस तरह सायबर टीम द्वारा संदिग्ध वाहन के नंबर का सही आंकलन कर घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान कर आरोपियों के मंसूबों को नाकाम किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में योगेश रात्रे उर्फ छोटे पिता नरसिंग रात्रे उम्र 32 साल निवासी बिरगहनी थाना जांजगीर, जमुना सेवायक पिता गणेश सेवायक उम्र 25 साल निवासी चरणनगर चाम्पा थाना चाम्पा, महेश्वर दिवाकर उर्फछोटे दाउ पिता कांशीराम दिवाकर उम्र 19 साल निवासी चरणनगर चाम्पा और अमीर मिरी उर्फ भोलू पिता मनोज मिरी उम्र 25 साल निवासी बिरगहनी थाना जांजगीर शामिल है।

पुलिस के मुताबिक प्रकरण के प्रार्थी हरीश देवांगन निवासी चाम्पा द्वारा थाना चाम्पा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि यह मेसर्स अरविंद इंडस्ट्रीज चाम्पा में विगत 04-05 सालों से सुपरवाईजर का काम करता है तथा कैश कलेक्शन के लिए अलग-अलग जगह जाता रहता है इसी प्रकार दिनांक 09.01.2026 को सुबह 10.30 बजे हरीश देवांगन कंपनी का राशि कलेक्शन के लिए मोटर सायकल से सक्ती के लिए निकला था जो सक्ति से विष्णु पेट्रोल पंप के मालिक आंनद अग्रवाल से नगदी 15,66,200/रू एवं ठठारी से बंशीधर हार्डवेयर के मालिक कैलाश कुमार देवांगन से नगदी 452500/रू जुमला कुल 2018700/रू को एकत्र कर वापस चाम्पा की ओर आ रहा था जो रास्ते में दोपहर करीबन 03.30 बजे ग्राम कोसमंदा मेन रोड तालाब के पास पहुंचा था उसी समय काले रंग की कार जिसका नं सीजी 11 बीएन 13 दिख रहा था आखिरी दो नंबर पर कागज चिपका हुआ था। उसी कार में सवार व्यक्तियों ने हरीश के आंख पर मिर्ची पावडर जैसा कोई पदार्थ फेंक दियें जिसके कारण आंखों में जलन होने पर मोटर सायकल को खड़ी कर वह अपने आंख को साफ करने लगा इसी समय तीन व्यक्ति कार से उतर कर इसके बैग को छिन रहें थे तब यह शोर मचाने लगा और छिनने से मना करने लगा तब तीनो व्यक्तियों के द्वारा हरीश को जबरन पकड़कर कार के अंदर बैठा दियें और उसके मोबाईल को छीन लियें उसके बाद कार में बैठाकर डरा धमका कर मारपीट करते हुए रात्रि करीबन 09.00 बजे मैनपाट सेल्फी पाइंट के पास ले जाकर हरीश को धक्का देकर गिरा दिये, जिसके कुछ देर बाद आरोपीगण वहां से भाग गये हरीश रात भर खाई में पेड़ के सहारे फंसा हुआ था सुबह हुआ तो पेड, पत्थर के सहारे रोड पर आया लिफ्ट के माध्यम से कापू पहुंचकर एक कम्प्यूटर दुकान से मोबाईल मांग कर घटना की सूचना अपने आफिस में दिया।

# राष्ट्रीय मंच पर जांजगीर-चांपा की मौजूदगी, बेंगलुरु में आयोजित 'ऐक्यम् 2026' में शामिल हुए अमर सुल्तानिया

**इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से आए पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और युवा प्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई**

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की पंचदशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तृतीय बैठक एवं 45वीं राष्ट्रीय सभा सह लघु अधिवेशन 'ऐक्यम् 2026' का आयोजन 10 व 11 जनवरी को बेंगलोर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से आए पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और युवा प्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई। जांजगीर-चांपा जिले प्रसिद्ध उद्योगपति एवं मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया की सक्रिय उपस्थिति ने जिले को राष्ट्रीय मंच पर विशेष पहचान दिलाई।

तीन दिवसीय अधिवेशन के दौरान संगठनात्मक मजबूती, सदस्यता विस्तार, शाखा विकास, आगामी राष्ट्रीय आयोजनों, वित्तीय विषयों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। एजेंडा के अनुसार वर्ष 2024-25 के आय-व्यय विवरण, 2025-26 के लिए ऑडिटर नियुक्ति, युवा भवन चौरिटेबल ट्रस्ट, नेशनल मारवाड़ी फाउंडेशन की प्रगति रिपोर्ट सहित भविष्य की नीतियों पर मंथन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने अपने वक्तव्य में कहा, ऐक्यम् 2026 केवल एक बैठक नहीं, बल्कि विचार, अनुभव और ऊर्जा का ऐसा संगम है, जो मारवाड़ी युवा मंच को आने वाले वर्षों में और अधिक सशक्त, पारदर्शी व समाजोपयोगी बनाएगा। वरिष्ठजनों के अनुभव और युवाओं के उत्साह से 'बेहतर कल' की स्पष्ट रूपरेखा तैयार हुई है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य सेवा, संस्कार और संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सकारात्मक बदलाव पहुंचाना है। राष्ट्रीय स्तर पर लिए गए निर्णयों का प्रभाव आने वाले समय में स्थानीय शाखाओं के कार्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

अधिवेशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने नेतृत्व विकास, संगठन सुदृढ़ीकरण एवं भावी कार्ययोजनाओं पर व्यापक जानकारी प्रदान की साथ ही उनके द्वारा संगठनात्मक रूप से पूर्व में किए गए छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश एवं उड़ीसा के आयोजनों की जानकारी मंच से प्रदान की गई वही आगामी कार्य योजना को भी राष्ट्रीय पटल पर रखा। इस दौरान ओड़िशा के भटली में आयोजित संगठनात्मक् कार्यशाला क्क्स्ञ्ज के आयोजन और छत्तीसगढ़ के आतिथ्य में आयोजित संयुक्त दीप मिलन एवं पिकनिक जिसमें 1000 से ज्यादा सदस्यों और उनके परिजनों के सहभागिता की विशेष सराहना की गई। वहीं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गाँधी के उत्कृष्ट संगठनात्मक गतिविधियों और सेवा कार्यों की भी सराहना की गई।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी: जिले में अब तक 341368.72 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी



**धान खरीदी केंद्रों में आज कटा 3806 टोकन**

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।**प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो गया है।

जिसके तहत समर्थन मूल्य पर सक्ती जिले में अब तक 126 केंद्रों में कुल 341368.72 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 126 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। जिला सक्ती में आज दिनांक 15 जनवरी 2026 को धान खरीदी हेतु जिले के 126 उपार्जन केन्द्रों में 3806 टोकन जारी हुआ है। जिसमें 16434.96 मेट्रिक टन धान खरीदी होना है।

आज 15 जनवरी 2026 को शाम 05 बजे तक जिला के उपार्जन केन्द्रों में कुल 9388.00 मेट्रिक टन धान खरीदी हुआ है। राज्य के किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 31 जनवरी 2026 तक किया जायेगा।

# विधेयक-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए सरगुजा भाजपा की हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

**मोदी सरकार की रोजगार गारंटी योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को दिए गए दिशा-निर्देश**

समवेत शिखर संवाददाता



**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत ङ्क गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G विधेयक 2025 के संसद से पारित होने के पश्चात इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर जिला भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की शुरुआत जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता सांसद चिंतामणि महाराज, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, महापौर मंजूषा भगत, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, बस्तर संभाग संगठन सह प्रभारी हरपाल सिंह भमरा, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह की विशेष उपस्थिति रही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक की चिंता कर रहे हैं। उन्होंने पहाड़ी कोरवा समाज का उल्लेख करते हुए कहा कि आज मोदी सरकार में उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी विरोध के बावजूद मोदी सरकार ने संसद में जनहित के बड़े फैसले लिए। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में योजनाओं का लाभ सीमित लोगों तक ही पहुंच पाता था, जबकि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था में पारदर्शिता लाई है। उन्होंने बताया कि रोजगार गारंटी के तहत अब 100 के स्थान पर 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जा रही है तथा समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से VB-G RAM G योजना को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा श्रमिकों को श्रम विभाग में पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि VB-G RAM G के प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर पर समिति गठित की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार का अड्डा रहा, जबकि मोदी सरकार ने व्यवस्था को सुधारते हुए इसे प्रभावी और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों में भाजपा की सरकार है और सभी जनप्रतिनिधियों को योजना की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचानी होगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए पात्र मतदाताओं को निर्वाचन सूची में जोड़ने का कार्य तेजी से करना होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में व्याप्त कमियों को दूर कर विकसित भारत VB-G RAM G योजना को देश को समर्पित किया गया है।

बस्तर संभाग संगठन सह प्रभारी हरपाल सिंह भमरा ने कहा कि कांग्रेस को ÷राम÷ शब्द से आपत्ति है, जबकि मोदी सरकार ने नाम ही नहीं बल्कि योजना की आत्मा को बदलकर उसे जनहितकारी बनाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने लंबे शासन में जो नहीं कर पाई, वह कार्य मोदी सरकार ने कम समय में कर दिखाया।

VB-G RAM G के संयोजक अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह केवल नाम परिवर्तन नहीं है, बल्कि भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं को समाप्त कर मजदूरों के हित में ठोस सुधार किया गया है।

# पुलिस ने पिकअप सहित 10 गौ वंश को पकड़ा, मवेशी तस्कर फरार

**तू डाल डाल में पात-पात की तर्ज पर मवेशी तस्कर तस्करी को अंजाम देने से नहीं कर रहे परहेज**

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस का विशेष अभियान ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी है। इसी क्रम में दिनांक 15.01.26 की रात्रि करीबन 1.30 बजे पुलिस की रात्रि गश्त टीम के द्वारा दुलदुला क्षेत्रांतर्गत, पिकअप वाहन से परिवहन कर ले जा रहे,10 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 15.01.26 को थाना दुलदुला की पुलिस टीम रात्रि गश्त पर थी, इसी दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक संदिग्ध पिकअप वाहन में भारी मात्रा में गौ वंश को भरा गया है, जिसे कि कुनकुरी की ओर से दुलदुला होते हुए, खूंटी टोली के रास्ते झारखंड राज्य की ओर ले जाया जा रहा है। जिस पर दुलदुला पुलिस की टीम के द्वारा मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, तत्काल दुलदुला आसनबहार खूंटी टोली रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान रात्रि करीबन 1.30 बजे कुनकुरी की ओर से एक सफेद रंग का बोलेरो पिकअप वाहन तेज गति से आता दिखाई देने पर, पुलिस के द्वारा उसे रोकने का प्रयास किया गया, परंतु पिकअप वाहन का चालक, पुलिस को देख, गाड़ी न रोककर, पुलिस की गाड़ी को ठोकर मारकर पिकअप वाहन को तेजी से भगाने लगा, जिस पर पुलिस की टीम के द्वारा संदिग्ध पिकअप वाहन का पीछा किया जाने लगा।

पुलिस को पीछा करते देख। गौ तस्कर कुछ दूर जाकर अपनी पिकअप वाहन को खेत में उतारकर, गौ वंशों सहित पिकअप वाहन को छोड़, अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए, पुलिस की टीम जब संदिग्ध पिकअप वाहन के पहुंची, तो पाया कि पिकअप में 10 नग गौ वंशों को रस्सी से बांध कर, ठूस ठूस कर भरा गया है, व उसके ऊपर प्लास्टिक के त्रिपाल को ढक दिया गया है, पुलिस की टीम के द्वारा सभी 10 नग गौ वंशों को सकुशल बरामद कर, उनका पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया है व तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक छ्व॥- 03-ञ्क - 5441 को भी जप्त कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की पता साजी कर रही है, जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जावेगा। मामले की कार्यवाही व गौ वंशों की बरामदगी में थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक सामुदान टोप्पो, आरक्षक अलेक्सियुस तिग्गा, प्रमोद कुमार व राम प्रवेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस गौ तस्करी पर निरंतर निगाह बनाए हुई है, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है, दुलदुला क्षेत्रांतर्गत 10 नग गौ वंशों को मुक्त कराते हुए, एक पिकअप को भी जप्त किया गया है, फरार आरोपियों की पता साजी की जा रही है। गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद जारी है।

# युवती के अपहरण मामले में 4 युवक गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**अंबिकापुर।** पुलिस टीम को त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों के भागने के हर संभावित रास्तो पर कड़ी नाकेबंदी लगाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम मे पुलिस टीम द्वारा दौरान विवेचना घटना स्थल का निरीक्षण कर मौक़े का सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया गया जो मौक़े पर पाया गया कि कुछ व्यक्ति उक्त अपहृत युवती को जबरन कार क्रमांक MP vx CC 4342 में बैठाते दिख रहे हैं। अपहृता की पतासाजी के दौरान पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल से युवती के सम्बन्ध में तकनिकी जानकारी प्राप्त किया गया जो युवती को कोरिया मनेन्द्रगढ रास्ते की ओर जाना पाया गया, जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा उक्त कार का पीछा करते हुए अन्य जिलो को भी कंट्रोल रूम के माध्यम से फोन व वायरलेस से सूचित कर नाकाबंदी कराया गया। जिस पर थाना मनेन्द्रगढ़ स्टाफ के द्वारा उक्त वाहन की नाकाबंदी कर रोका गया। जिस कार मे एक युवती मिली जो पुलिस को देख कर रोने लगी, तब पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्तियों को गाडी के साथ पकडकर थाना मनेन्द्रगढ़ में रखा गया था। जिस पर थाना गाँधीनगर पुलिस टीम जो पीछा कर रही थी मौके पर पहुँचकर देखा गया, जो मौक़े पर उक्त बरामद अपहृता से घटना के संबंध में जानकारी लेकर मामले मे शामिल 04 आरोपियो को पकड़कर थाना गांधीनगर लाया गया।

अपहृता का महिला अधिकारी से कथन कराया गया जिस पर युवती द्वारा बताया गया कि रामप्रसाद एवं अन्य 03 व्यक्तियों के द्वारा पीड़िता को जबरन खीचकर कार में बैठाया गया और आरोपियों द्वारा पीड़िता को पकड़कर ले जाने एवं जान से मारकर फेक देने की बात बताया गया है, मामले मे आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी (01) रामप्रसाद तंवर उम्र 32 वर्ष निवासी भवानीपुरा थाना भोजपुर जिला राजगढ मध्यप्रदेश (02) लाल चंद्र पिता मदन लाल उम्र 26 वर्ष निवासी भौईकला थाना वालंता जिला जलावड मध्यप्रदेश (03) कमलेश तंवर पिता अमर सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी राजगढ जिला राजगढ मध्यप्रदेश (04) भवंर लाल पिता राम सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी विडीवैड थाना भोजपुर जिला राजगढ मध्यप्रदेश* को पकड़कर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया जो आरोपी रामप्रसाद द्वारा बताया गया कि उपरोक्त आरोपी शादीशुदा है और कुछ वर्ष पूर्व मे पीड़िता से उसका जानपहचान हुआ था, जानपहचान बाद दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे थे, जो आरोपी द्वारा युवती को शादी करने का प्रस्ताव दिया गया था, युवती को उपरोक्त व्यक्ति के शादीशुदा होने की जानकारी प्राप्त होने पर युवती द्वारा उपरोक्त व्यक्ति से शादी करने से इंकार कर दिया गया था।